संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरुवार, 08 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 38 पृष्ठ: 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## वेब पोर्टल के जरिए प्रभावी ढंग से नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने पर योगी सरकार का फोकस

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**


**उत्तर** प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश के सभी नागरिकों को उच्च नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रभावी ढंग से प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में, योगी सरकार द्वारा वेब पोर्टल का विकास कर उन्हें इन सहूलियतों के साथ ही आधुनिक तकनीक से लैस करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। ऐसे में, सीएम की मंशा अनुरूप, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के वेब पोर्टल के डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यूपीएसआरटीसी के पोर्टल की विकास प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को जिम्मा सौंपा गया है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) द्वारा इस प्रक्रिया को पहले से इंपैनल्ड सॉफ्टवेयर कंपनियों को कार्यभार सौंपकर विकास प्रक्रिया पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यूपीएलसी राज्य के सभी सरकारी विभागों को आईटी/आईटीईएस समाधान प्रदान करने के लिए नियुक्त नोडल एजेंसी है। राज्य सरकार के आईटी सॉल्यूशंस का एक मुख्य उद्देश्य सरकारी प्रणालियों का त्वरित, पारदर्शी, जवाबदेह और कुशल संचालन और सेवाओं का वितरण प्रदान करना है तथा इस क्रम में यूपीएलसी लगातार अपनी कुशल सेवाएं प्रदान कर रहा है। सीएम योगी के विजन अनुसार यूपीएसआरटीसी में प्रशासनिक व सेवा वितरण चैनल के लिए एकीकृत प्रौद्योगिकी सक्षम ढांचे के भीतर एक स्थायी डेटा आधारित इकोसिस्टम विकसित किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। यात्रियों को सभी मार्गों पर चलने वाली बसों की समयसारिणी आसानी और सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन प्रणाली विकसित किया जाएगा। इससे किसी विशेष समय या स्थान पर वाहनों की भीड़ न हो और सभी मार्गों पर यात्रियों को नियमित अंतराल पर निगम की बस की उपलब्धता को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यात्री उपलब्धता के आधार पर मार्ग पर वाहनों का परिचालन का ऑनलाइन प्रणाली से मॉनिटरिंग संभव होगा। निगम की लाभप्रदता बढ़ाने के लिए यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार वाहन श्रेणी की आवश्यकता का अध्ययन करने के लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण भी वेब पोर्टल द्वारा हो सकेगा। संचालित बसों के रखरखाव की स्थिति के अनुसार ऑनलाइन 'बस हेल्थ सिस्टम' और नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता सेवा प्रदान करने के लिए स्वचालित प्रणाली के माध्यम से 'स्मार्ट बस रेटिंग सिस्टम' प्रदान करने जैसी सुविधा भी वेब पोर्टल के विकास के दौरान जोड़ी जाएगी। यूपीएसआरटीसी के पोर्टल को जिन आधुनिक सुविधाओं से लैस किए जाने के लिए यूपीएलसी द्वारा इंपैनल्ड सॉफ्टवेयर एजेंसी को कार्यभार सौंपा जाएगा उसमें आपातकालीन व्यवस्था के लिए ऑनलाइन प्रणाली और आपातकालीन/ब्रेक डाउन की स्थिति में यात्रियों के लिए आपातकालीन अधिसूचना प्रणाली का विकास भी प्रमुख है।

### आदर्श विचार



"आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं,न आग उसे जला सकती है, न पानी उसे भिगो सकता है : भागवद्"

### मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"

`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# 'देश को बांटने की कोशिश कर रही कांग्रेस'

## रासः पीएम ने कांग्रेस पर जमकर किया प्रहार, 'कांग्रेस ने अपने युवराज को एक स्टार्टअप बनाकर दिया है, अभी वो नॉन स्टार्टर है'

**पीएम का जवाब**

**पश्चिम बंगाल से चुनौती आई है कि कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 बचा पाएं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री न**रेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा (रास) में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ओबीसी की राजनीति, गरीबों की चार जातियों, पूर्व पीएम नेहरू की नीतियों समेत कई मुद्दों पर बात की। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधा।

**इंडिया गठबंधन पर तंजः** प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण के शुरूआत में कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन पर बात की। ममता बनर्जी के बयान का जिक्र करता हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'पश्चिम बंगाल से चुनौती आई है कि कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 बचा पाएं।

**डीके सुरेश के बयान की निंदाः** पीएम ने डीके सुरेश के उत्तर-दक्षिण वाले विवादित बयान के जरिए कांग्रेस को घेरा। पीएम ने कहा, 'जिस कांग्रेस ने सत्ता के लालच में सरेआम लोकतंत्र का गला घोंट दिया था, जिस कांग्रेस ने दर्जनों बार लोकतांत्रिक तरीके से आई सरकारों को रातों-रात बर्खास्त कर दिया था, जिस कांग्रेस ने अखबारों पर भी ताले लगाने की कोशिश की थी, अब देश को तोड़ने का नैरेटिव उस कांग्रेस ने गढ़ना शुरू कर दिया है। अब देश को उत्तर-दक्षिण में तोड़ने के बयान दिए जा रहे हैं।'

देश में इन दिनों चल रही ओबीसी की राजनीति पर बात की। पीएम ने कहा, 'जिस कांग्रेस ने ओबीसी को पूरी तरह कभी आरक्षण नहीं दिया, जिसने सामान्य वर्ग के गरीबों को कभी आरक्षण नहीं दिया, जिसने बाबा साहब को भारत रत्न के योग्य नहीं माना, केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे। वो अब हमें उपदेश दे रहे हैं, वो अब हमें सामाजिक न्याय का पाठ पढ़ा रहे हैं।'

### पूर्व पीएम नेहरू की चिट्ठी का किया जिक्र

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने हाल ही में एससी-एसटी और ओबीसी के कम प्रतिनिधित्व की बात की थी। इस पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'नेहरू जी कहते थे कि अगर एससी-एसटी और ओबीसी को नौकरी में आरक्षण मिला तो सरकारी कामकाज का स्तर गिर जाएगा। आज जो ये आंकड़े गिनाते हैं, उसका मूल यहीं है। अगर उस समय सरकार में भर्ती हुई होती, तो वो प्रमोशन के बाद आगे बढ़ते और आज यहां पहुंचते। एक बार नेहरू जी ने मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें लिखा था कि मैं किसी भी आरक्षण को पसंद नहीं करता और खासकर नौकरी में आरक्षण तो कतई नहीं। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं जो अकुशलता को बढ़ावा दे, जो दोयम दर्जे की तरफ ले जाए। इसी के आधार पर मैं कहता हूं कि कांग्रेस आरक्षण की जन्मजात विरोधी है।'

### तीनों नए कानूनों के जरिए कांगेस से पूछे सवाल

**हाल** ही में संसद से तीन आपराधिक कानून पारित हुए थे। तीनों नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। तीनों नए कानूनों को लेकर पीएम ने कांगेस से सवाल पूछे कि अंग्रेजों से कौन प्रभावित था...? आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता को किसने बढ़ावा दिया? अगर आप अंग्रेजों से प्रभावित नहीं थे, तो अंग्रेजों की बनाई दंड संहिता आपने क्यों नहीं बदली?

## 'आचार संहिता लगने के पहले शुरू होगी जीपीएस आधारित टोल प्रणाली'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि लोकसभा के आगामी चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले देश में सेटेलाइट आधारित टोल प्रणाली की शुरूआत हो जाएगी।

**जल्द शुरू होगा सेटेलाइट सिस्टमः** राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा कि हम संसद को आश्वस्त करना चाहते हैं कि टोल प्रणाली को लेकर दुनिया की सबसे अच्छी तकनीक मानी जाने वाली सेटेलाइट आधारित प्रणाली जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। टोल नाके हटा दिए जाएंगे। इससे लोगों को कहीं भी रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नंबर प्लेट की फोटो से टोल वसूली कर ली जाएगी।

यह प्रणाली हाईवे या एक्सप्रेस को जितना इस्तेमाल किया गया, इस पर आधारित होगी। यानी आप जहां से किसी सड़क में प्रवेश करते हैं और जहां से बाहर निकलते हैं, केवल उतने खंड का टोल आपको देना होगा। यह टोल वाहन चालक के बैंक अकाउंट से स्वतः कट जाएगा।

## 'रक्षा अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ाएंगे'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सीडीएस ज**नरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। वे एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते हुए सीडीएस ने कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढाया जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित और आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं। इसी क्रम में बलों की इस क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए 25,000 करोड़ रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है। इस धनराशि का उपयोग निगरानी उपग्रहों के निर्माण से लेकर सुरक्षित संचार नेटवर्क को विकसित करने में किया जाएगा।

**भागीदार**

**लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने**

## अभी जेल में ही रहेंगे आप नेता संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली आ**बकारी नीति घोटाला से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की जमानत याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी। 31 जनवरी को अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। जमानत की मांग करते हुए संजय सिंह की तरफ से तर्क दिया गया था कि वह पिछले तीन महीने से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं बताई गई है। रखने, छुपाने, फैलाने और उपयोग करने में शामिल थे। संजय सिंह को ईडी ने चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

## उत्तराखंडः विधानसभा से यूसीसी बिल पास

### विधानसभा में ध्वनीमत से पास हुआ समान नागरिक संहिता बिल

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**उत्तराखंड** ने इतिहास रच दिया। विधानसभा में चर्चा के बाद समान नागरिक संहिता का बिल पास हो गया। दिनभर विधानसभा में बिल को लेकर चर्चा हुई वहीं, इसके बाद सीएम का संबोधन हुआ। शाम को यूसीसी बिल ध्वनिमत से पास कर दिया गया। इसके साथ ही उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। अब इस बिल को राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। साथ ही आंदोलनकारियों के आरक्षण का बिल भी सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।



इसके बाद सीएम धामी ने प्रेसवार्ता में कहा कि आज उत्तराखंड के लिए विशेष दिन है। मैं विधानसभा के सभी सदस्यों, जनता का आभार व्यक्त करता हूं। उनके समर्थन से ही हम आज ये कानून बना पाए हैं। मैं पीएम मोदी का भी धन्यवाद करना चाहता हूं। ये कानून समानता का है। ये कानून हम किसी के खिलाफ नहीं लाए, बल्कि उन माताओं बहनों का आत्मबल बढ़ाएगा, जो किसी प्रथा, कुरीति की वजह से प्रताड़ित होती थीं।

**ऐतिहासिक**

**ये कानून समानता का है। ये कानून हम किसी के खिलाफ नहीं लाए, बल्कि माताओं बहनों का आत्मबल बढ़ाएगा : सीएम**

## हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन और बढ़ी




**टीम एक्शन इंडिया/रांची**

**झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की** मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। रांची की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने बुधवार को हेमंत सोरेन की हिरासत पांच और दिन के लिए बढ़ा दी। सोरेन की पिछली पेशी के दौरान कोर्ट ने उन्हें पांच दिन की प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया था।

**सात घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया थाः** इससे पहले ईडी ने पिछले बुधवार यानी 31 जनवरी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले सोरेन को ईडी की हिरासत में राज्यपाल से मिलकर सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इससे पहले हेमंत सोरेन की तरफ से प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में दर्ज एफआईआर को लेकर एजेंसी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने सोरेन के केस दर्ज कराने के फैसले को चुनौती दी है। बताया गया है कि एजेंसी ने इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट में तीन फरवरी को याचिका दायर की थी।

### 'रांची में सोरेन के पास 8.5 एकड़ भूखंड'

**इस** बीच ईडी ने विशेष अदालत को बताया कि सोरेन के पास रांची में एक दूसरे से सटे 12 भूखंड हैं जिनका माप कुल 8 .5 एकड़ है। इन पर सोरेन का अवैध कब्जा है और वह उनका उपयोग करते हैं और उन्होंने यह जानकारी छिपा कर भी रखी थी। एजेंसी ने कहा कि ये भूखंड मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध की आय है। राज्य सरकार के कर्मचारी और राजस्व विभाग में सब इंस्पेक्टर भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ राज्य के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी में संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे।

## 'संपन्न पिछड़ों को आरक्षण से बाहर क्यों नहीं कर सकते'

### क्या आईएएस-आईपीएस अफसरों के बच्चों को भी कोटा मिलना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि वह एससी-एसटी में कोटा को लेकर दिए गए 2004 के अपने ही फैसले की समीक्षा करेगी। 2004 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में कोटा के लिए सब-कैटेगरी बनाने का अधिकार नहीं है। अब सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक बेंच इस फैसले को एग्जामिन करेगी। इस बेंच की अगुआई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ करेंगे। इसमें जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्रा, और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं।



6 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के पंजाब के एससी-एसटी कानून के मामले से सुनवाई की शुरूआत की।

2006 में पंजाब सरकार कानून लेकर आई थी, जिसके तहत शेड्यूल कास्ट कोटा में वाल्मीकि और मजहबी सिखों को नौकरी में 50% रिजर्वेशन और प्राथमिकता दी गई थी। 2010 में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने इस कानून को असंवैधानिक बताया था और एक्ट को खत्म कर दिया था।

## नीतीश कुमार ने 10 साल में 7 बार मारी पलटीः पीके

**टीम एक्शन इंडिया/सहरसा**

**स्थानीय** स्टेडियम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज बिहार में एक नया विकल्प बनेगी। अपनी कुर्सी को पाने के लिए दस वर्षों में सात बार पलटी मारकर नीतीश कुमार ने जनता को धोखा देने का काम किया। इसके लिए राजद और बीजेपी दोनों जिम्मेवार है। जनता आनेवाले विधानसभा चुनाव में दोनों को सबक सिखाने का काम करेगी। सूबे में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। बिहार की जनता का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि जन सुराज एक अभियान है।

सर्वे में यह बात सामने आई कि राज्य की 55 फीसदी आबादी को नए दल और नए विकल्प की जरूरत है। जन सुराज पूरे बिहार का पद यात्रा करने के बाद ईमानदार लोगों की जमात बनाएगी और सभी लोगों की राय के बाद एक नया दल बनाया जाएगा।

## 'कामकाज के आधार पर न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना व्यावहारिक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बुधवार को सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक होने की संभावना नहीं है। कटौती होगी तथा इसके परिणामस्वरूप अनुचित पक्षपात भी हो सकता है। विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल अगस्त में 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' विषय पर अपनी रिपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के न्यायाधीशों का कार्यकाल मौजूदा सेवानिवृत्ति आयु से बढ़ाने के लिए कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी।

**लक्ष्य निर्धारित** दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में आए 10 हजार आवेदनों में से 172 खिलाड़ियों को चुना गया, जिन्हें ओलंपिक के 10 खेलों की ट्रेनिंग दी जा रही

## 'स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए सभी सुविधाएं देगी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सीएम** अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सिविल लाइंस स्थित दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में वातानुकूलित इंडोर स्वीमिंग पूल का उद्घाटन किया। यहां ट्रेनिंग लेने वाले खिलाड़ियों को निःशुल्क सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। सीएम ने स्पोर्ट्स स्कूल का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे। दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में 172 बच्चों को ओलंपिक के 10 खेलों में ट्रेनिंग दी जा रही है। देश ने आप पर विश्वास किया है। इसलिए अब आपको दिन-रात मेहनत करके देश का सपना पूरा करना है। सीएम ने आगे कहा कि ओलंपिक में ज्यादा से ज्यादा मेडल लाने के उद्देश्य से ही हमने दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई है। मुंडका में 80 एकड़ में बन रही स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में 2500 स्टूडेंस को ओलंपिक के 20 खेलों में ट्रेनिंग दी जाएगी। इस अवसर पर खेल मंत्री आतिशी, दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर कर्णम मल्लेश्वरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वातानुकूलित स्वीमिंग पूल का उद्घाटन कर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरा दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। स्कूल में बहुत ही शानदार सुविधाएं हैं। कुछ साल पहले हम लोगों ने दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाने के बारे में सोचा था। उस समय हमारे मन में यही था कि भारत 140 करोड़ लोगों का देश है, लेकिन जब ओलंपिक और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा होती है तो मेडल के मामले में हम काफी नीचे आते हैं।

हम एक-एक मेडल के लिए तरसते हुए दिखते हैं और सारे मेडल चीन और अमेरिका ले गए। आखिर हमारे देश में किस चीज की कमी है। 140 करोड़ लोगों के देश में प्रतिभा की तो कोई कमी नहीं है। हमारे देश में बहुत प्रतिभा है।



**ट्रेनिंग पर बल**

**हमारे खिलाड़ियों ने चार महीने की ट्रेनिंग में ही स्टेट व नेशनल लेवल पर कई मेडल जीते : केजरीवाल**

# सीएम आवास को घेरने जा रहे आप नेताओं और पुलिस में हुई झड़प

## लाठीचार्ज में कइयों को लगी चोट, हिरासत में लिए गएलाठीचार्ज में कईयों को लगी चोट, हिरासत में लिए गए

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीएम** मनोहर लाल के करनाल स्थित आवास का घेराव करने जा रहे आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें आप के कई नेता घायल हो गए और कुछ को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। लाठीचार्ज में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा सहित अन्य नेताओं को भी चोटें आई हैं। पार्टी



बेरोजगारी के मुद्दे पर यह घेराव करने जा रही थी।

इस प्रदर्शन से पहले पार्टी के नेताओं ने स्थानीय बेरोजगार युवाओं को भी शामिल होने का आह्वान किया था। पार्टी के नेताओं ने सवाल उठाया कि जो रोजगार युवाओं के लिए हरियाणा में होना चाहिए था, वह कहां है? 2 लाख सरकारी नौकरी खाली क्यों पड़ी हैं? लेकिन, पता नहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा के युवाओं से इतना क्यों डरते हैं। करनाल में सीएम आवास का घेराव करने के जा रहे आप नेताओं को बैरिकेड्स लगाकर रोका गया। इस दौरान उन्हें लाठियों से पीछे हटाया गया। पुलिस के लाठीचार्ज के बाद कार्यकर्ताओं में भगदड़ मच गई। पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री खट्टर से पूछना चाहता हूं कि आपको युवाओं के सवालों से इतना डर क्यों लगता है? आपने खुद ही कहा था कि साल 2023 में 50 हजार नौकरियां देंगे। हरियाणा के युवा आपसे वही हिसाब मांग रहे हैं। यदि आपके पास हिसाब है तो निकालकर दे दीजिए। यदि आपने नौकरी नहीं दी तो युवा को सवाल पूछने का अधिकार तो है। उन्होंने कहा कि युवा पूछना चाहता है कि हरियाणा में बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? जो 2 लाख सरकारी नौकरियां पड़ी हैं, उनको क्यों नहीं भरते? ग्रुप सी और डी को जो 50 हजार नौकरी देने की बात आपने की थी, वो कहां है?

अनुराग ढांडा ने कहा कि ग्रुप सी का मामला अभी भी कोर्ट में फंसा है।

# महिला सशक्तिकरण विषय पर हुआ तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी व कार्यवाहक प्राचार्या कमलेश रानी के दिशा निर्देशन और महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मीनू आनंद के कुशल नेतृत्व में सौन्दर्य और स्वयं को संवारने के साथ महिला सशक्तिकरण विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर बहुमुखी प्रतिभा की धनी मोनिका ने शिरकत की। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ मीनू आनंद ने छात्राओं को कार्यशाला में बढ़ चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि छात्राएं इससे लाभ लेकर भविष्य में अपने रोजगार की दिशा में उन्मुख हो सकती हैं। मुख्य वक्ता ने कार्यशाला के प्रथम दिवस पर व्यावहारिक तौर पर छात्राओं को विभिन्न सौंदर्य उत्पादों के प्रयोग की जानकारी दी तथा उन्होंने बताया कि हम अपने सौंदर्य को किस प्रकार निखार कर अपने बाहरी व्यक्तित्व को आकर्षक बना सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सिद्धार्थ ने जीता ब्रोन्ज मेडल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के खिलाड़ी ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ब्रान्ज मेडल जीतकर करनाल का नाम रोशन किया है। करनाल में खिलाड़ी सिद्धार्थ का जोरदार स्वागत हुआ। एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा की देखरेख में खिलाड़ी सिद्धार्थ ने 37वीं नेशनल सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लिया। यह चैंपियनशिप 2 से 4 फरवरी को रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई थी। सिद्धार्थ ने 37वीं नेशनल सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेकर अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्रोंज मेडल हासिल किया।

सिद्धार्थ ने अंडर 38 किलो भारवर्ग में भाग लेकर सबसे पहले चंडीगढ़ के खिलाड़ी को हराया। फिर गोवा के खिलाड़ी को हराया। तीसरी फाइट में तमिलनाडु के खिलाड़ी को हराकर ब्रोंज मेडल हासिल किया। इस मौके पर ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के सभी पदाधिकारियों द्वारा खिलाड़ी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। करनाल पहुंचने पर भी खिलाड़ी सिद्धार्थ व कोच सतीश कुमार राणा का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

सरकार और राजनीतिक दल, सिखों के धार्मिक मामलों और संस्थाओं में दखल न दें : दादूवाल

### पेडा की पहल पर उर्जा संरक्षण पर आधारित स्कूली प्रतियोगितायें आयोजित

**बठिंडा:** ऊर्जा संरक्षण के प्रति जमीनी स्तर पर जागरूकता प्रदान करने की दिशा में पंजाब एनर्जी
डेवलपमेंट
एजेंसी (पेडा) ने भारत सरकार की एजेंसी ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) तथा तीर्था के सहयोग से मंडी रामपुर फुल्ल स्थित आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उर्जा संरक्षण के संदर्भ में स्कूली स्तर की प्रतियोगितायें आयोजित की। स्लोगन और निबंध लेखन कंपटीशन में स्थानीय स्कूलों के बच्चों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। पेडा ने प्रदेशव्यापी इस अभियान के अंतर्गत अन्य जिलों को भी कवर किया जायेगा। पेडा के जिला प्रबंधक गुरप्रीत सिंह और आयोजक मनमोहन सिंह ने स्टूडेंट्स और स्टाफ को उर्जा संरक्षण के विषय में प्रेजेंटेशन दी और बताया कि कैसे छोटी छोटी आदतों को अनुसरण कर बिजली बचाकर बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। भाग ले रहे बच्चों को पार्टिस्पेशन सर्टिफिकेट्स और विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।



### ई प्लूटो सीरीज के लिए एक्स प्लेटफॉर्म 2.0 लिमिटेड एडिशन वेरिएंट का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** प्योर ईवी ने बड़े ही उत्साह के साथ ई प्लूटो 7जी, प्रो और मैक्स मॉडल के लिए एक्स प्लेटफॉर्म 2.0 लिमिटेड एडिशन वेरिएंट के लॉन्च की घोषणा की। यह विशेष रिलीज बेहतर स्पीड, बेहतर माइलेज और एक अद्वितीय यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए तैयार है।

एक्स प्लेटफॉर्म 2.0 लिमिटेड एडिशन वेरिएंट पहले से ही प्रचलित और प्रंशसनीय एक्स प्लेटफॉर्म पर निर्मित है, जिसमें 12 असाधारण विशेषताएं शामिल हैं जो इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए एक स्टैंडर्ड निर्धारित करती हैं। इसके साथ ही, प्योर ईवी ने स्पीड नंबर्स को रिडिफाइन करके इनोवशन को एक कदम आगे बढ़ाया है, विशेष रूप से इकोमोड में, जहां राइडर्स अब सभी तीन वेरिएंट (7जी, प्रो और मैक्स) में किलोमीटर प्रति घंटे तक की स्पीड का आनंद ले सकते हैं।

यह इंडस्ट्री स्टैण्डर्ड से बेहतर है, जो समान मोड में अधिकतम 35 किलोमीटर प्रति घंटे की पेशकश करने वाले प्रतिस्पर्धियों से अधिक और बेहत्तर लाभ प्रदान करता है।

# सूर्य नमस्कार करने से आपकी पूरी बॉडी का पोश्चर बेहतर होता है: सुमन संधू



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग के तत्वाधान में घरौंडा ब्लॉक के योग सहायकों की ओर से आज सातवें दिन गांव खोरा खेड़ी के सरकारी स्कूल में सुमन संधू, विपिन ग्रोवर और राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। सुमन संधू ने बताया कि सूर्य नमस्कार आपको एक साथ 12 योगासनों का फायदा देता है और इसलिए इसे सर्वश्रेष्ठ योगासन भी कहा जाता है। योग एक्सरसाइज और फिजिकल मूवमेंट न केवल शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है, बल्कि दिमाग को फिट रखने के लिए भी अहम है। सूर्य नमस्कार के 12 चरण का हर रोज अभ्यास करने से दिमाग सक्रिय और एकाग्र बनता है।

उन्होंने बताया कि सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत है। इसी कारण प्राचीन ऋषि-मुनि सूर्य की पूजा अर्चना करते थे। सूर्य नमस्कार का मतलब है सूर्य को नमन करना यानी सन सेल्यूटेशन।

# डा. अशोक कुमार दोबारा बनाए गए भाजपा जिला मीडिया प्रमुख

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा** जिला कार्यकारिणी में फिर से डा. अशोक कुमार को मीडिया प्रमुख बनाया गया है। उन्होंने इसके लिए जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी विपल्व देव एवं प्रदेश संगठन मंत्री फनिन्द्र नाथ शर्मा का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने संगठन को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है, उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कैडर बैस पार्टी है और इसमे कोई भी कार्यकर्ता अपने अच्छे कार्य के बल पर कोई भी महत्वपूर्ण पद प्राप्त कर सकता है। इस पार्टी में चापलूसों का कोई स्थान नहीं।

# नग्न हालत में खेत में मिला महिला का शव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के गांव संगोहा में एक अधेड़ महिला की हत्या कर शव खेतों में फेंक दिया गया। शव नग्न अवस्था में मिला है। महिला का रेप कर हत्या करने की आशंका है। घटना की सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला संगोहा गांव की रहने वाली है, जिसका नाम कमलेश पत्नी महेंद्र है। कमलेश के पति की मौत 12 साल पहले हो चुकी है। मृतका के पास एक



लडका और एक लडकी है। लडकी की शादी हो चुकी है और लडका भी अपनी बहन के पास रहता था। महिला मूल रूप से रिंडल गांव की रहने वाली है, जिसकी शादी शाहपुर गांव में हुई थी। रिंडल के बाद महिला का परिवार संगोहा में रहने लगा था। आज सुबह शव शाहपुर के खेतों में मिला। शव को देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर ही एफएसएल की टीम को भी बुला लिया। महिला का शव मिलने से आसपास के एरिया में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्ट्या हत्या का मामला बताया जा रहा है और रेप की भी संभावना जताई जा रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि महिला का शव मिला है।

# अभियान: बच्चों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**साइबर** जागरूकता अभियान की कड़ी में आज साइबर अपराध थाना की टीम द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल इंद्री में साइबर राहीगिरी के तहत बच्चों को साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने साइबर अपराध होने से कैसे बचा जाए, के बारे में जरूरी जानकारी व बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाया गया।

इस दौरान प्रबंधक थाना साइबर निरीक्षक राजीव मिगलानी के नेतृत्व में साइबर अपराध थाना की टीम में मुख्य सिपाही विनोद, मुख्य सिपाही पवन, मुख्य सिपाही सुनील, सिपाही रौनक व स्कूल के करीब 350 छात्र और स्कूल अध्यापक मौजूद रहे ।



इस सेमिनार में बच्चों को बताया गया कि कैसे साइबर ठग लोगों के साथ ठगी करने के अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं, जिसके कारण लोग आर्थिक ठगी के साथ मानसिक तौर पर भी परेशान रहते हैं। इंटरनेट की दुनिया में व सोशल मीडिया साईट्स पर हमारी छोटी सी गलती कैसे हमारे लिए आर्थिक तौर व मानसिक तौर पर हानिकारक साबित होती है। आमजन को बताया गया कि इंटरनेट प्रयोग करते समय हमें हमेशा सुरक्षित वेबसाईटों पर ही विजिट करनी चाहिए। अपने सोशल मीडिया खातों को एक मजबूत पासवर्ड लगाकर सुरक्षित रखना

**सावधानी बरतें**

**8 साइबर ठगी हो जाती है तो तुरंत डॉयल 1930 व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें**

चाहिए और उन पासवर्ड को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए।

टीम ने छात्रों को बताया कि अपनी कोई भी फोटो या विडियों इंटरनेट पर शेयर नहीं करनी चाहिए। किसी अंजान व्यक्ति के साथ फोन कॉल या वीडियो कॉल करने से परहेज करना चाहिए और सोशल मीडिया पर किसी अंजान व्यक्ति के पास ना तो फ्रेंड्स रिक्वेस्ट भेजनी चाहिए और न ही किसी अंजान व्यक्ति की फ्रेंड्स रिक्वेस्ट असेप्ट करनी चाहिए। किसी भी तरह का ओटीपी नम्बर हमें किसी के साथ सांझा नहीं करना चाहिए। सोशल साईट्स पर प्रचलित प्रलोभन देने वाले संदेशों के झांसे में नहीं आना चाहिए। इस प्रकार की उपयोगी जानकारी हम अपने पारिवारिक सदस्यों, परिचितों व सगे संबंधियों के साथ सांझा करके उनके साथ होने वाले साइबर अपराध से उनको बचा सकते हैं। इसके अलावा सभी बच्चों को बताया गया कि अगर कभी भी आपके आसपास या आपके किसी जानकार के साथ साइबर ठगी हो जाती है तो तुरंत डॉयल 1930 व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें और वित्तीय हानि होने से बचें।

# राम कथा: तीसरे दिन श्री राम विवाह हुआ

**यज्ञ**

**8 संगीतमय भव्य श्री राम कथा व महायज्ञ में तीसरे दिन श्री राम विवाह हुआ। रामकथा का प्रारंभ यज्ञ के द्वारा हुआ**

**पानीपत/कमाल हुसैन**


**जिला परिषद** के उपाध्यक्ष एवं प्रधान आर्य समाज हुडा आर्य सुरेश मालिक द्वारा कुटानी रोड की डाबर कालोनी स्थित रामलीला मैदान में संगीतमय भव्य श्री राम कथा व महायज्ञ में तीसरे दिन श्री राम विवाह हुआ। रामकथा का प्रारंभ यज्ञ के द्वारा हुआ। जिसमें नगर वासियों ने पूरी श्रद्धा से आहुति प्रदान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। वहीं प्रसिद्ध राम कथा वाचक बिजनौर से पधारे पंडित कुलदीप आर्य ने आज भगवान श्री राम के विवाह का अति रमणीय प्रसंग संगीत मय माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री राम ने वैदिक विधि विधान द्वारा सभी संस्कारों में श्रेष्ठ संस्कार विवाह संस्कार को चार परिक्रमा और सात वचनों के अनुसार पूर्ण किया उसी प्रकार हमें भी विवाह की सातों प्रतिज्ञाओं का पालन करना चाहिए। पण्डित कुलदीप आर्य ने विवाह की सात प्रतिज्ञाओं से लोगों को अवगत कराया जो प्रभु श्री राम ने देवी सीता से की थी। वहीं रामकथा के आयोजक आर्य सुरेश मलिक ने रामकथा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के अलावा अन्य राम भक्तों से निवेदन किया कि वह भी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राम कथा का आनंद उठाएं। इस अवसर पर पंडित रामवीर यादव, सचिन शर्मा, बोबी कश्यप, साहब सिंह प्रजापत, सुलतान देशवाल, नसीब सिंह राणा, राजेंद्र मास्टर, संजना, मयंक भारद्वाज व उषा शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय स्कूल तरावड़ी में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। राजेश लता ने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। उन्होंने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालो को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़.भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती हैं। टीम ने छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति पुलिस फोर्स द्वारा सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया। छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया गया। इस मौके पर महिला उप निरीक्षक बबीता और स्कूल छात्राएं मौजूद रही।

# नशे में धुत्त ट्रक चालक ने खंभे में मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** में मुर्गियों से भरा ट्रक सडक किनारे खड़े 11 केवी बिजली के खंभे में जा टकराया। टक्कर लगने के बाद ट्रक सडक पर पलट गया। ट्रक में लोड 3564 में से मात्र 164 मुर्गियां ही जिंदा बच पाईं। हादसे में 3400 मुर्गियों की मौत हो गई। उधर, हैचरी के मालिक ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ शिकायत सौंपी है। आरोप है कि ड्राइवर नशे में धुत था।




करनाल की हेमराज सेल्स हेड कल्याण हैचरी के मालिक हेमराज ने सालवन पुलिस चौकी में शिकायत सौंपी है। हेमराज के मुताबिक उनका एक ठेका अजय मुर्गी फार्म के साथ सालवन में चल रहा है। 4 फरवरी को उन्होंने इस फार्म से 3564 मुर्गियां ट्रक में लोड की थी। उन्होंने मुर्गियों को लेकर जाने के लिए एक ट्रक बुक किया, जिसका ड्राइवर जींद के हकीकत नगर रेलवे रोड निवासी सौरव कुमार था। रात को कंपनी से मुर्गियां लोड कराई थीं।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में धुत था। ड्राइवर को ट्रक सावधानी से ले जाने की हिदायत दी थी, लेकिन ड्राइवर लापरवाही से ट्रक को लेकर गया। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि ड्राइवर ने सालवन गांव के पास ही सडक किनारे खड़े एक 11 केवी के बिजली के खंभे में टक्कर मार दी है और ट्रक पलट गया है। इस हादसे में 3564 में से 3400 मुर्गियां मर गईं। हैचरी मालिक के

# निगम के प्रवर्तन दल ने नेशनल हाइवे से उतारे अनाधिकृत विज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नगर** निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के आदेशानुसार शहर के विभिन्न स्थानों व मार्गों पर अनाधिकृत रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्डों, होर्डिंग्स तथा बैनर को उतारने का नगर निगम का अभियान जारी है। इसी कड़ी में विज्ञापन शाखा के प्रवर्तन दल ने बुधवार को नेशनल हाईवे, इन्द्री रोड, कुंजपुरा रोड व आई.टी.आई. रोड पर लगे अनाधिकृत बोर्डों को उतारा।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि जिन व्यक्तियों या फर्मों द्वारा अवैध बोर्डों को लगाया गया है, को दोबारा ऐसा न करने के लिए सख्त चेतावनी दी गई है। पुनः अवैध बोर्ड प्रदर्शित करने



पर सम्बंधित व्यक्ति या फर्म पर विज्ञापन बायलॉज के अनुसार तीन गुणा जुमार्ना लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शहर में किसी भी व्यक्ति, फर्म, कम्पनी या एजेंसी को अनाधिकृत रूप से नगर निगम क्षेत्र में होर्डिंग, बैनर व फ्लैक्स बोर्ड लगाने की सख्त मनाही है और मनाही के बावजूद विज्ञापन प्रदर्शित करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन दल, नगर निगम अधिनियम व विज्ञापन पॉलिसी के तहत जुमार्ना लगाने व एफ.आई.आर. दर्ज करवाने की कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्ड वाहन चालकों का ध्यान भटकाने के साथ-साथ शहर की सुंदरता को भी खराब करते हैं।

विज्ञापन के लिए 13 साईट अधिकृत- उन्होंने बताया कि विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए शहर में 13 साईट अधिकृत की गई हैं। अगर कोई व्यक्ति, फर्म या एजेंसी विज्ञापन लगाना चाहती है, तो वह इन्हीं 13 साईटों पर प्रदर्शित कर सकता है। इसके लिए नगर निगम द्वारा एक एजेंसी को टैण्डर अलॉट किया गया है। इसकी जानकारी के लिए नगर निगम की भवन शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर काई एजेंसी विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए साईट लेना चाहती है, तो वह ह्वद्यड्ड.श्रह्लशद्वद्गह्ल२४७.द्बठ्ठ पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर बोली में भाग ले सकती है।

निगमायुक्त ने शहर के व्यवसायीयों से अपील की है कि सार्वजनिक जगहों पर अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड ना लगाएं, ऐसा करना सरकारी नियमो का उल्लंघन है। इससे सार्वजनिक सम्पत्ति कुरूप होने के साथ-साथ शहर की सुंदरता भी खराब होती है।

उन्होंने कहा कि अनाधिकृत बोर्ड न लगाने को लेकर नगर निगम द्वारा बार-बार चेताया जाता रहा है, परंतु जो लोग नहीं मानते, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आढ़ती के साथ धोखाधड़ी करने वाले मुनीम सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीआईए** वन की टीम ने आढ़ती से धोखाधड़ी कर लाखों रुपए गबन करने वाले मुनीम और सहआरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 50 हजार की राशि बरामद की गई है।

सीआइए वन की टीम द्वारा 3 फरवरी को मुख्य आरोपी मुनीम पवन पुत्र कृष्ण कुमार वासी अशोक नगर, करनाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसका तीन दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी पवन की निशानदेही पर उसके कब्जे से पचास हजार रुपए बरामद किए गए। आरोपी पवन को आज पुनः न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

आरोपी पवन की निशानदेही पर ही मामले में संलिप्त आरोपी ओमबीर सिंह पुत्र राम सिंह वासी विकास नगर करनाल को 7 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी ओमबीर से गहनता से पूछताछ कर बरामदगी की जाएगी और मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। इस संबंध में शिकायतकर्ता मनीष कुमार ने शिकायत दी थी कि उसकी नई सब्जी मंडी में ओम गार्लिक के नाम से साल 2008 से आढ़त की दुकान है, जो कि उसके पास 2016 से पवन वासी अशोक नगर करनाल मुनीम है। दुकान का सारा लेनदेन का काम करता है। मुनीम पवन ने साल 2016 से लेकर 2023 तक ओमबीर, गुरबचन, देवेंद्र और शिव कुमार नाम के व्यक्तियों की फर्म के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर 92 लाख का गबन किया है। आरोपी मुनीम द्वारा निम्न फर्मों से ज्यादा पैसे लेकर कम पैसों का इंद्राज कर लाखों रुपयों की यह धोखाधड़ी की गई।

## संपादकीय

# सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले सावधान रहिएगा

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनिया में तेजी से विस्तारित हो रहे डिजिटलाइजेशन के कारण विभिन्न प्रकार के ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, जिन्हें हम सोशल मीडिया के नाम से जानते हैं।आज करीब करीब हरमोबाइल धारकों के पास व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम सहित ऐसी अनेकों ऐप्स है जिनके माध्यम से वे अपने भावों को व्यक्त करतें है। सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को शेयर करना ,फॉरवर्ड करना या फिर उसे रिट्वीट कर देना काफी आम बात है। किसी भी सोशल मीडिया यूजर को जैसे ही कोई पोस्ट पसंद आता है। अक्सर वह ऐसा ही करते हैं। सोशल मीडिया पर एक विचार का समर्थन दशार्ना अर्थात वह स्वयं का विचार बन जाता है। ऐसे में जानकारी रखना काफी आवश्यक है कि सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को रिट्वीट करना फॉरवर्ड करना या फिर शेयर करना क्या अपराध की श्रेणी में आता है या नहीं? परंतु उनकी नजर में तो साफ सुथरे और वेज होते हैं। परंतु हो सकता है उससे किन्हीं अन्य वर्ग के दिल में ठेस पहुंचा रहे हो, तो फिर वह मैटर बन जाता है और शिकायतों का दौर शुरू हो जाता है जिसे माफी मांग कर समाप्त कर हल निकालने की कोशिश की जाती रही है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एक फैसले के अनुसार केवल माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही का सामना करने से नहीं बच सकते।हमने कई बार देखा है कि कई लोगों के पास फेसबुक या अन्य एप्स 5 हजार की अधिकतम सीमाएं तक पहुंच जाते हैं तो फिर वह अपनी प्रसिद्ध को आगेबढ़ाते हुए उसी के पार्ट-2 और पार्ट-3 जोड़ देते हैं और यह संख्या हजारों से लाखों तक पहुंच जाती है, जिससे सोच अपने आप को सेलिब्रिटी समझने की ओर सो चली जाती है, तो स्वाभाविक रूप से अनेक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लीक से हटकर पोस्ट शेयर या फॉरवर्ड कर देते हैं जो उनके लिए जी का जंजाल बन जाता है फि र माफी मांगते हैं।परंतु अब हम हजारों ग्रुप्स में देखते हैं कि अनेक पोस्ट शेयर फॉरवर्ड किए हुए मिलते हैं जो ऐसे लोगों द्वाराफॉरवर्ड किया जाता है जिनका उनसे कोई लेना देना नहीं होता बस अनर्गल विचार, अनेक विषयों पर लिखते हैं जिनमें कुछ वर्गों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है, लेकिन अब हमें ऐसी पोस्ट शेयर फॉरवर्ड से बचने की जरूरत है वरना हमें आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। चूंकि 18 अगस्त 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण फैसले में इस अभद्र अपमानजनक पोस्ट को लेकर टिप्पणियां आई है, ऐसे पोस्ट पर माफी से कम नहीं चलेगा बल्कि आपराधिक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर फॉरवर्ड अब सोच समझ कर कीजिएगा जी।

साथियों बात अगर हम दिनांक 18 अगस्त 2023 को आए एक अपेक्स कोर्ट के दो जजों की बेंच के जजमेंट की करें तो, सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा देना जरूरी है, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते। उन्हें अपने कृत्यों का परिणाम भुगतना होगा। कोर्टने तमिल अभिनेताऔर पूर्व विधायक के खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया।

# मोदी के आत्मविश्वास से विपक्ष में बेचौनी

आशीष वशिष्ठ

> लेख में कहा गया है कि विपक्षी दलों की तरफ से कुछ ही माह पहले बनाया गया गठबंधन इंडिया ब्लॉक भले ही सामूहिक रूप से भाजपा के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जताता रहा हो लेकिन वह अभी भी एकजुट नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास के पीछे का कारण केवल खोखली राजनीतिक बयानबाजी नहीं है। इसके ठोस कारण हैं। पिछले दस वर्षों में जिस तरह से अलग अलग क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर हुआ है, उसने यह शक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी है। न सिर्फ घरेलू मोर्चे पर भारत की उत्पादकता बढ़ी है बल्कि उसने कई क्षेत्रों में निर्यात भी शुरू किया है। अब से कुछ दशक पहले भारत हर छोटी बड़ी चीज के लिए विश्व के उन देशों का भी मुंह ताकत रहा, जो किसी न किसी तरीके से अपना हित साधने के लिए तमाम अंतरराष्ट्रीय उठापटक के लिए जिम्मेदार होते थे

**प्रधानमंत्री** मोदी ने गत 5 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देते हुए कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फैसले होंगे। बीती 2 फरवरी को इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपोह्न के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया। जैसे ही पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की बात की तो लोग लगातार तालियां बजाने लगे। इसके बाद पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है। 26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उदघाटन के अवसर पर अपने भाषण में कहा कि, मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचौनी का बड़ा कारण है। बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर नरेंद्र मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट से न केवल सरकार का आत्मविश्वास झलकता है कि वह अपने कार्यों के बल पर ही तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उसके संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार



ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है। विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है। पीएम मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, जो कहा सो पूरा किया के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं। मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू कश्मीर से धारा 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आइ एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं जो पहले छोटे शहरों तक में उपलब्ध नहीं था। बीमारी हर साल पुनरू गरीबी के चपेट में आने का बड़ा कारण रहा है लेकिन आयुष्मान योजना ने उस दशा में परिवर्तन ला दिया। सड़क, रेल और हवाई यातायात का परिदृश्य बदल रहा है, मैन्यूफैक्चरिंग के कारण रोजगार के नए नए रास्ते खुले हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्जियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है। अखबार में हन्ना एलिस पीटरसन की तरफ से लिखे गए कॉलम में कहा गया है कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा में भाजपा की संभावनाओं को और मजबूत करने वाली है। यही वजह है कि पीएम मोदी खुद इस विधानसभा चुनावों की जीत को 2024 में जीत की गारंटी बता चुके हैं। लेख में कहा गया है कि विपक्षी दलों की तरफ से कुछ ही माह पहले बनाया गया गठबंधन इंडिया ब्लॉक भले ही सामूहिक रूप से भाजपा के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जताता रहा हो लेकिन वह अभी भी एकजुट नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास के पीछे का कारण केवल खोखली राजनीतिक बयानबाजी नहीं है। इसके ठोस कारण हैं। पिछले दस वर्षों में जिस तरह से अलग अलग क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर हुआ है, उसने यह शक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी है। न सिर्फ घरेलू मोर्चे पर भारत की उत्पादकता बढ़ी है बल्कि उसने कई क्षेत्रों में निर्यात भी शुरू किया है। अब से कुछ दशक पहले भारत हर छोटी बड़ी चीज के लिए विश्व के उन देशों का भी मुंह ताकत रहा, जो किसी न किसी तरीके से अपना हित साधने के लिए तमाम अंतरराष्ट्रीय उठापटक के लिए जिम्मेदार होते थे। मोदी सरकार की नीतियों ने ऐसे देशों की शक्ति और वर्चस्व वास्तव में कम की है और भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के तौर पर विश्व पटल पर खड़ा किया है। आज विश्व के तमाम बड़े, शक्तिशाली और उन्नत देश भी भारत की बढ़ती शक्ति, वर्चस्व और प्रभाव को स्वीकार रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण को देश का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। उन्होंने अपने कार्यों के दम पर समूचे विपक्ष को इन्हीं तीन चीजों के दायरे में समेटा है। विपक्ष को इसका उत्तर देशवासियों को देना होगा। इसके अलावा सरकार की योजनाएं हैं, करोड़ों लाभार्थी हैं, भाजपा की मशीनरी है, संसाधन है, मोदी का व्यक्तित्व है, उनकी प्रचार करने और भाषण देने की अद्भुत क्षमता है और ऐसी अनेक चीजें हैं, जो उनको आत्मविश्वास देती हैं। मोदी सरकार ने विपक्ष के सामने एक और चुनौती रखी है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही तीन राज्यों में भाजपा ने कांग्रेस को परास्त कर सरकार बनाई थी। अब सिर्फ रिपोर्ट कार्ड के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सजाए जा रहे मैदान में उतरने वाली है। विपक्षी गठबंधन का हाल देश की जनता देख ही रही है। सीटों के बंटवारे और तुच्छ स्वार्थों के लिए जिस तरह विपक्षी दल आपस में लड़ रहे हैं, उससे उनकी नीति और नीयत साफ तौर पर दिखाई देती है। विपक्षी दल जनता की सेवा करने या उसके मुद्दे उठाने की बजाय खुद को भ्रष्टाचार से बचाने की जुगत में लगे हैं। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं।

जैसे जैसे उनकी यात्रा आगे बढ़ रही है, वैसे वैसे इंडी गठबंधन में अविष्वास भी बढ़ रहा है। इंडिया गठबंधन लगभग खत्म होने की कगार पर है। विपक्ष को यह समझ नहीं आ रहा है कि वो देश के सामने किस मुद्दे को लेकर जाएं और किस मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरें। वास्तव में लोकसभा चुनाव की लड़ाई विश्वास की होगी। अब यह देशवासियों को तय करना है कि उनका भरोसा किस पर है- विकसित भारत की मोदी गारंटी पर या विपक्ष पर।

## कविता

नायलॉन और तार की रस्सियों पर
कपड़े सुखाते हुए भी
उसके मन में द्वंद्व चलते हैं
वे विचार ढूढ़तीं हैं हर ?ोज
राख सी जिंदगी के बीच भी
चिंगारियां जलतीं हैं
जिस तरह से सूखने वाले कपड़ों को चिमटियों
से
रखा जाता है सुरक्षित
उसी भांति स्त्रियां रखतीं हैं परिवार रूपी धागों
को
सहेजकर
दुःख,कष्ट,पीड़ा, अन्याय सहकर भी
स्त्रियां बनतीं हैं समर्पण का बिम्ब
उन्हें होता है परिवार रूपी धागों का आंतरिक
बोध
आंगन बुहारते बुहारते भी वो अक्सर करतीं हैं
इबादत
वह शून्यता में जीवन नहीं जीती
उसके अंतर्गत के भीगे शब्दों को कभी तुम
टटोलना
एक भीड़ गुनगुनाती हुई सुनाई देगी तुम्हें
लेकिन
तुमने कभी 'स्त्री' को समझा नहीं 'स्त्री'
स्त्रियां होतीं हैं साध्य
वो अक्सर स्पर्श में घुलतीं हैं
स्त्रियां होतीं हैं नदियां और शांत झील
वे होतीं हैं शहद और शीतल जल
जिनमें मीठापन है

सुनील

# भाजपा के मिशन 2024 से ही टीम भारत का निर्माण

संजय तिवारी

**भारतीय जन**ता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को एक अवसर मानते हुए अगले 25 वर्ष की नई राजनीतिक अवधारणा पर कार्य करना शुरू कर दिया है। इस बार के चुनाव में युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर टिकट देकर आगामी 25 वर्षों के लिए अत्यंत ऊजार्वान और क्रियाशील टीम भारत का आधार तैयार करने की रणनीति पर कार्य शुरू हो चुका है। यह सब विजन मोदी के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक भी है। इसके संकेत स्वयं प्रधानमंत्री के संसद के बजट सत्र में दिए गए विस्तृत संबोधन में भी दिखे हैं। इसको समझने के लिए प्रधानमंत्री के अमृतकाल की परिधि को भी समझना होगा। वर्ष 2047 तक के कालखंड को अमृतकाल मानते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। तब भारत अपनी स्वाधीनता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा। उस समय तक राष्ट्र को सक्षम और अयंत ऊजार्वान राजनीतिक टीम की जरूरत होगी। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभी से संकेत दे दिया है कि नई लोकसभा में अब अत्यधिक युवा चेहरों की जरूरत है। इसमें युवा नारीशक्ति की भी बहुत जरूरत होगी। यद्यपि महिला आरक्षण के रूप में नारी शक्ति वंदन कानून पास हो चुका है लेकिन उसको आधिकारिक रूप से लागू होने में अभी कई तकनीकी कार्य शेष हैं । ऐसे में अपने टिकट बंटवारे में भाजपा नारीशक्ति वंदन के संकेत स्पष्ट मानकर महिला प्रतिनिधित्व भी बढ़ा सकती है। यह कदम भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले दलों के लिए सांसत जैसा होगा क्योंकि वे हल्ला तो बहुत करते हैं लेकिन महिलाओं को वैसा प्रतिनिधित्व देते नहीं हैं। इससे भाजपा देश की महिलाओं को स्पष्ट संदेश देकर आधी आबादी को स्वयं से जोड़ सकती है। इस बार का चुनाव वैसे भी बहुत अलग होने जा रहा है। इसका संकेत प्रधानमंत्री का श्रीअयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय का वह उद्बोधन है जिसमे वह बार-बार कालचक्र के परिवर्तन और अगले एक हजार वर्ष की भारत की सनातन यात्रा की नींव की चर्चा करते हैं। यह पारंपरिक राजनीति के गणित के फामूर्ले सिद्ध करने वाले कथित राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की समझ से परे है। इसका संकेत स्वयं प्रधानमंत्री ने संसद में कर दिया जब उन्होंने कहा कि उनका तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े और बहुत कड़े फैसलों का होने वाला है। संकेत समझिए। अब राजनीति बदल रही है। राजनीति में मठाधीशी समाप्त होगी और नए क्रियाशील चेहरे जगह पाएंगे। ऐसा भाजपा के टिकट बंटवारे में भी दिख सकता है। पारंपरिक राजनीति की परिभाषा में बहुत दिग्गज माने जाने वाले चेहरे अगर टिकट की सूची में स्थान नहीं पा सके तो चौंकने की जरूरत नहीं है। टीम भारत के निर्माण में नए, सांगठनिक समर्पण वाले ऊजार्वान चेहरे जरूरी हैं। वैसे भी यह चुनाव केवल एक ही चेहरे का है। हर टिकट पर नरेन्द्र मोदी की छाप होनी है। चुनाव चिह्न पर वोट मिलने हैं।

## विचार

# डिजिटल मीडिया की परिभाषा क्या हो सकती है

विजय गर्ग

**मीडियाः जिसका** सामान्य अर्थ संचार माध्यम होता है। मीडिया तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या टीवी ही है न केवल चैनल बल्कि प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, विज्ञापन मीडिया, डिजिटल मीडिया, प्रकाशित मीडिया, मास मीडिया, रिकॉर्डिंग मीडिया और प्रसारण मीडिया भी। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर आज की राजनीति सत्ता का रुख है तो मीडिया वह हथियार है जिससे हम क्रांति ला सकते हैं। पंद्रहवीं शताब्दी के मध्य में जर्मन गुटेनबर्ग द्वारा प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार सेबाद में मीडिया क्रांति आई। समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, टीवी, रेडियो, कंप्यूटर के आविष्कार से मनोरंजन और सूचना के क्षेत्र में उन्नति हुई, नए संचार उपकरणों जैसे सैटेलाइट, मोबाइल, टैबलेट, माइक्रोचिप, आई पैड, लैपटॉप आदि ने संचार गतिविधियों को वैश्विक स्तर पर और भी तेज कर दिया। स्तर। अगर हम वर्तमान पंजाब के डिजिटल मीडिया परिदृश्य की बात करें तो यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह पंजाबी भाषी आबादी को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और डिजिटल सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। पंजाब स्थित कई समाचार पत्र, पत्रिकाओं, समाचार चैनलों और मीडिया आउटलेट्स ने वेबसाइटों और पोर्टलों के माध्यम से अपनी ऑनलाइन उपस्थिति स्थापित की है। ये प्लेटफॉर्म पंजाबी और अन्य भाषाओं में विभिन्न प्रकार के समाचार, लेख, सुविधाएँ, दैनिक कार्यक्रम पेश करते हैं। वे इंटरनेट कनेक्शन के साथ किसी भी समय या स्थान पर पाठकों को जानकारी प्रदान करते हैं सुविधा प्रदान करें. पंजाब में कई मीडिया आउटलेट्स ने मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किए हैं जो उपयोगकताओं को सीधे उनके स्मार्ट फोन या टैबलेट पर समाचार, वीडियो, लाइव स्ट्रीम प्रदान करते हैं।और अन्य डिजिटल सामग्री तक पहुंच की अनुमति दें। ये एप्लिकेशन अधिक व्यक्तिगत और इंटरैक्टिव अनुभव प्रदान करते हैं। ये उपयोगकताओं को अपनी समाचार प्राथमिकताओं को अनुकूलित करने, सूचनाएं प्राप्त करने और चर्चा में शामिल होने में सक्षम बनाते हैं। फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने पंजाबियों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है जो समाचार, वीडियो, फोटो और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री साझा करने का एक बेहतरीन मंच है। पंजाब मीडिया आउटलेट पर जाएंव्यक्तिगत सामग्री निमार्ता दर्शकों तक पहुंचने, अनुयायियों से जुड़ने और अपनी सामग्री को बढ़ावा देने के लिए इन प्लेटफार्मों का उपयोग करते हैं। पंजाब में कई लोगों के लिए सोशल मीडिया समाचार और मनोरंजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी बन गया है। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म के उदय ने पंजाब में ऑडियो और वीडियो सामग्री की खपत के तरीके में भी क्रांति ला दी है। ङ्ग४ळ४ढ्ढ, स्स्रङ्गह्लद्ब१८ और ञ्जद्बल्लं ऊ उङ्क जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पंजाबी संगीत, फिल्मों और वेब श्रृंखला की एक विशाल लाइब्रेरी की मेजबानी करते हैं।करना इन प्लेटफार्मों ने कलाकारों, संगीतकारों और फिल्म निमार्ताओं के लिए अपना काम प्रदर्शित करना और वैश्विक दर्शकों तक पहुंचना आसान बना दिया है। पारंपरिक प्रिंट और प्रसारण पंजाब मीडिया के साथ, पंजाब में डिजिटल समाचार प्लेटफॉर्म उभरे हैं, जो वास्तविक समय समाचार अपडेट वीडियो सामग्री और इंटरैक्टिव सुविधाएँ प्रदान करते हैं। ये प्लेटफॉर्म अक्सर राजनीति, खेल, मनोरंजन और स्थानीय समाचार सहित कई विषयों को कवर करते हैं।

वे लोगों को नवीनतम घटनाओं के बारे में सूचित रखते हैं और त्वरित पहुंच प्रदान करते हैंसी एक रास्ता सुझाता है. डिजिटल पंजाब मीडिया ने पंजाब में विज्ञापन पोर्टलों के विकास में भी मदद की है। ऑनलाइन शॉपिंग, वेबसाइटें और ऐप्स उपभोक्ताओं को उत्पादों और सेवाओं, नौकरी पोस्टिंग, रियल एस्टेट लिस्टिंग और बहुत कुछ खरीदने और बेचने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। यह उपयोगकताओं को एक गतिशील और आकर्षक अनुभव प्रदान करता है और इसने लोगों के सूचना, मनोरंजन और सेवाओं तक पहुंचने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# वैलेंटाइन डे पर दमकती त्वचा

शहनाज हुसैन

**वैलेंटाइन** डे पर महिलाओं में सम्मोहक और आकर्षक दिखने की चाह प्रकृतिक होती है /प्यार के बंधन में बन्धे दम्पतियों और प्यार की चाहत पालने बाले कुवारों के लिए फरबरी माह में पड़ने बाला यह प्यार का त्यौहार काफी मायने रखता है / चाहे आप नए बन्धन में बन्धे हों या फिर लम्बे समय से एक दूजे के लिए समर्पित हों ,यह दिन एक दूसरे के प्रति समर्पण ,परिबध्ता दिखाने का बेहतरीन अबसर है /

यदि आप अपने पति /प्रियतम से दूर हैं तो आप उन्हें ऑनलाइन स्टोर के माध्यम से उनकी पसन्द की गिफ्ट भेज सकती हैं /इस समय में मार्किट में वैलेंटाइन डे की गिफ्ट्स की काफी भरमार है /आप उन्हें उनकी पसन्द की चॉकलेट ट्रफल ,मिल्क चॉकलेट , डार्क चॉकलेट , स्ट्रॉबेरी या देसी लड्डू /मिठाई भेज सकती हैं / यदि आप अलग रहती हैं तो अपने प्रियतम को एक सरप्राइज गिफ्ट भेज कर अपने प्यार की परिबध्ता दर्शा सकती हैं /यदि आप इस असमंजस में है की क्या भेजा जाये तो मेरी सलाह के अनुसार इस मौके पर क्लासिकल पेंटिंग , आर्ट ऑब्जेक्ट, छाया चित्र या फूलों का गुलदस्ता बेहतर रहेगा / आप नजदीकी पर्यटन स्थल पर जा सकती हैं / आप आजकल के ठन्डे मौसम में दूर निर्जन जंगल /चिड़िया घर /पक्षी अभ्यारण में एकांत के कुछ पल अपने प्रियतम के साथ गुजार सकती हैं /आप किसी प्रकृतिक स्थल या निर्जन स्थल पर लम्बी यात्रा पर भी जा सकती हैं जहां आप एक दूसरे के ज्यादा नजदीकी का अहसास कर सकें और भावनात्मक रूप से जुड़ सकें / वैलेंटाइन डे पर आप सुंदर मधुर , आकर्षक या रोमांटिक दिखना पसंद करती हैं तो इस खास दिन दमकती त्वचा , रेशमी घने बालों , आकर्षक चेहरे , तथा ब्यक्तित्व का धनी बनने के लिए आपको पहले से तैयारी करनी पड़ेगी //इस खास दिन प्रफुल्लित तथा दमकती त्वचा पाने के लिए साधारण ब्यूटी टिप्स की मदद से आप इस दिन को बेहतरीन खास दिन बना सकती हैं इस खास दिन

मलाई और हल्दी : हल्दी तथा मलाई का मिश्रण बना कर इसे चेहरे पर लगा कर दस मिनट बाद चेहरे को साफ , ताजे पानी से धो डालिये इससे आपकी त्वचा साफ हो जाएगी।

# पीठासीन भए पीठाशनि

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**यह जानकर** दुःख हुआ कि एक पीठासीन अधिकारी मात्र दो दहाई वोटों में गड़बड़ करते हुए कैमरे पर पकड़ा गया। आश्चर्य इसलिए हुआ कि देश में ईवीएम की धांधली के नाम पर गड़बड़ होते हुए देखा गया है, लेकिन बैलेट वोट के नाम पर...छीः छीः छीः कभी नहीं देखा है। अरे साहब पीठासीन, सच कहें, आपने तो पूरे पीठासीन अधिकारियों की नाक कटवा दी। हमारे यहाँ ईवीएम पर हजारों वोट जिसे चाहो उसी को पड़ते हैं, फिर चाहे कोई भी बटन दबाओ। एक आप हैं कि बीस-तीस वोट भी संभाल नहीं पाए। हम पूछते हैं, किसने आपको पीठासीन अधिकारी की ट्रेनिंग दी? किसने बना दिया आपको पीठासीन अधिकारी? साहब आप पकड़ में क्या आ गए, आपने पूरी पार्टी को धांधलीखोर सिद्ध कर दिया। हमारी पार्टी ईमानदार नेताओं की पार्टी है। हम ईवीएम में लाख गड़बड़ कर लें मजाल कोई हमें पकड़ पाया हो। आप जैसे लोग ही पार्टी पर धांधलीखोरी और साम दाम दंड भेद का कलंक लगा रहे हैं। थू है आपकी पीठासीनगिरी पर। डूब मरिए चुल्लू भर पानी में। धिक्कार है आपको कि इस पार्टी में रहकर भी आपको धांधली करने का तरीका नहीं आया। आप तो विदेश चले जाइए साहब, आप इस देश में रहने के काबिल नहीं हैं। अरे साहब, आपको धांधली करना नहीं आता तो ईवीएम में हेरफेर करने वाले पहुँचे हुए नेताओं से पूछ लेते, किसी कट्टर जिताऊ नेता से पूछ लेते। हम कहते हैं आप कब सीखोगे? इस पार्टी में इतने वरिष्ठ नेता हैं, उनके अनुभवों का लाभ कब उठायेंगे? किसने कहा था आपको कि दस-बीस वोटों का हेर फेर करें? विपक्षी के पूरे के पूरे वोट खारिज कर दे तो कौन आपको पूछने वाला था। देश में अधिकार भी आपका, नेता भी आपके, सिपाही भी आपके, ऊपर से लेकर नीचे तक, आगे से लेकर पीछे तक सब अपने ही तो थे। फिर कैसे पकड़ में आते? वोट पर तो निशान होता है, मंसूबे पर थोड़ी न होता है निशान। कोर्ट-कचहरी वाले पूछते तो कह देते ज्यादा नखरे न दिखाओ भैया सत्ता में बैठे बड़भैया सब हमारे ही लोग हैं। ज्यादा चीं चपड़ करोगे तो नप जाओगे। कोर्ट में बैठे जज से कह देते क्यों तुम्हें राज्यसभा सदस्य नहीं बनना है? या नहीं तो धमका देते कि जाँच-एजेंसियाँ भिजाऊँ तुम्हारे पास।

**न्यूज फ्लैश**

## अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद और आईआईटी हैदराबाद रेडिएशन थेरेपी में नई तकनीक विकसित करने के लिए साथ आए



**फरीदाबाद, 07 फरवरी, (हरपाल सिंह यादव)। /टीम एक्शन इंडिया**

अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के रेडिएशनऑन्कोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. भास्कर विश्वनाथन को हाल ही मेंएक शोध अनुदान के लिए चुना गया है, जिसका उद्देश्य कैंसर के इलाजके लिए ट्यूमर मोशन और रेडिएशन हाइपरथर्मिया के लिए एक स्वदेशीरोबोटिक अल्ट्रासाउंड विकसित करना है। यह तकनीक भारतीयप्रौद्योगिकी संस्थान - हैदराबाद के एरंकी लैब्स प्राइवेट लिमिटेड कीमेडिकल अल्ट्रासाउंड रिसर्च लेबोरेटरी में बायोमेडिकल इंजीनियरिंगविभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अविनाश एरांकी और अमृता सेंटर फॉरएडवांस्ड रोबोटिक्स के सहयोग से विकसित की जाएगी। अमृता अस्पताल फरीदाबाद में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुखडॉ. भास्कर विश्वनाथन ने कहा, ह्लयह हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व कीबात है कि हमें इमेज-गाइडेड थेरपी और कैंसर रोगियों के लिएहाइपरथर्मिया के लिए स्वदेशी रूप से रोबोट-सहायक अल्ट्रासाउंड सिस्टमविकसित करने के लिए इस अनुदान के लिए चुना गया है। यह एक नॉन-इनवेसिव तकनीक है जो केंद्रित अल्ट्रासाउंड तरंगों का उपयोग करती हैऔर इसमें ट्यूमर एब्लेशन, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी के लिए हल्केहाइपरथर्मिया और रेडिएशन के दौरान गति प्रबंधन जैसे कैंसर के उपचारमें बड़ी क्षमता है।" डॉक्टर ने आगे कहा, ह्लयह अत्याधुनिक तकनीक ट्यूमर के सटीकस्थानीयकरण की अनुमति देगी, थेरेपेटिक रेडिएशन के लक्षित औरप्रभावी डिलीवरी को सक्षम करेगी और आसपास के ऊतकों और अंगों कोनुकसान से बचाएगी। रोबोटिक अल्ट्रासाउंड ट्यूमर का सटीक पतालगाकर और उपचार के दौरान उसकी गति की निगरानी करकेहाइपरथर्मिया की डिलीवरी को निर्देशित करने में महत्वपूर्ण भूमिकानिभाता है। वास्तविक समय की ट्रैकिंग यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्णहो सकती है कि हाइपरथर्मिया को इच्छित लक्ष्य तक सटीक रूप सेपहुंचाया जाए।" उन्होंने बताया कि शरीर में ट्यूमर सांस लेने और अंग की गति जैसे कारकोंके कारण आगे बढ़ सकते हैं। रेडिएशन थेरेपी को सटीक रूप से प्रदानकरने के लिए ट्यूमर की गति पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। रीयल टाइम मेंट्यूमर की गतिविधि को ट्रैक करने के लिए रोबोटिक अल्ट्रासाउंड सिस्टमका उपयोग किया जा सकता है। वे उपचार के दौरान ट्यूमर की स्थिति कीलगातार निगरानी करने के लिए अल्ट्रासाउंड ट्रांसड्यूसर से लैस रोबोटिकहथियारों का उपयोग करते हैं, जिससे लक्ष्यीकरण सटीकता में सुधारहोता है। हाइपरथर्मिया में कैंसर कोशिकाओं को रेडिएशन के प्रति अधिकसंवेदनशील बनाने के लिए ट्यूमर क्षेत्र का तापमान बढ़ाना शामिल है। यहट्यूमर में रक्त के प्रवाह में भी सुधार करता है, ऑक्सीजन और कीमोथेरेपीकी डिलीवरी को बढ़ाता है। हाइपरथर्मिया को रेडिएशन थेरेपी के साथकरने से चिकित्सीय प्रभाव में काफी वृद्धि हो सकती है और सैद्धांतिक रूपसे कम रेडिएशन डोज की अनुमति मिलती है, जिससे आसपास के स्वस्थटिश्यू को नुकसान कम होता है। एरंकी लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और बायोमेडिकलइंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अविनाश एरंकी ने कहा, "रेडिएशन और अल्ट्रासाउंड एनर्जी की स्थानिक रूप से सटीक औरप्रभावकारी डिलीवरी की आवश्यकता संभवतः दुर्बल कैंसर रोग वालेरोगियों में बेहतर परिणामों की कुंजी है।" डॉ. विश्वनाथन ने कहा ह्लआईआईटी हैदराबाद और एरंकी लैब्स प्राइवेटलिमिटेड के साथ सहयोग मेडिकल और इंजीनियरिंग दोनों क्षेत्रों कीविशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए परियोजना के दायरे को बढ़ाता है। यहअंतःविषय साझेदारी कैंसर केयर में टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिएमहत्वपूर्ण है, जो उपचार नवाचार के लिए समग्र दृष्टिकोण पर जोर देतीहै। हम इस प्रोजेक्ट को 3 वर्षों में पूरा करने की उम्मीद करते हैं, जिसकेलिए अनुदान हमें भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा प्रदान किया गया था।

# ईट राइट चैलेंज: जनपद मथुरा की नेशनल व स्टेट रैंक नम्बर 1

**लोकेश चौधरी /टीम एक्शन इंडिया**



एफएसएसएआई द्वारा संचालित ईट राइट चौलेंज कार्यक्रम फेज 3 के अन्तर्गत सम्पूर्ण देश में जनपद मथुरा की नेशनल व स्टेट रैंक नम्बर 1 है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) द्वारा चलाये जा रहे ईट राईट चौलेंज योजना में भोग कार्यक्रम के अन्तर्गत नौ भोग प्रमाण पत्र जिसमे इस्कॉन मन्दिर वृन्दावन, प्रेम मन्दिर वृन्दावन, कीर्ति मन्दिर बरसाना, श्री कृष्ण जन्मभूमि, मान मन्दिर बरसाना, उदासीन कार्णि आश्रम गोकुल, श्री राधारानी मन्दिर बरसाना, राधाबल्लम मन्दिर एवं नन्दबाबा मन्दिर बरसाना में जारी किये गये तथा अन्य तीन मन्दिरों (श्रीकोकिलावन धाम, कोसीकलां, पागल बाबा मन्दिर, वृन्दावन एवं बांकेबिहारी मन्दिर, वृन्दावन) के नाम प्रस्तावित कर ऑडिट एजेन्सी द्वारा ऑडिट कराकर भोग प्रमाण पत्र के लिए एफ०एस०एस०ए०आई० दिल्ली को प्रेषित कर दिया गया है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस. ए.आई.) द्वारा चलाये जा रहे ईट राईट चौलेंज योजना में श्हाईजीन रेटिंगश कार्यक्रम के अन्तर्गत 165 खाद्य प्रतिष्ठानों के प्रमाण पत्र जारी किये गये। जिससे आम जनमानस को गुणवत्तापरक एवं हाईजेनिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) द्वारा चलाये जा रहे ईट राईट चैलेंज योजना में ईट राईट कैम्पस कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 संस्थानों जिसमें जीएलए विश्वविद्यालय छाता, अक्षयपात्र फाउण्डेशन मॉट, अक्षयपात्र फाउण्डेशन वृन्दावन, जिला कारागार एवं कलेक्ट्रेट कैम्पस, जिला अस्पताल वृन्दावन, संविद गुरुकुलम वृन्दावन, केडी मेडिकल कॉलेज, रिफाइनरी (आई.ओ.सी.एल.) तथा बृज वसुन्धरा गोवर्धन की सभी प्रक्रिया पूर्ण कराकर एफ.एस.एस.ए.आई. नई दिल्ली से प्रमाण पत्र प्राप्त हो गये।

## एचसीएस ज्योति मिलत्त ने बुधवार को एसडीएम खरखौदा का पदभार संभाला

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी /टीम एक्शन इंडिया**



**खरखौदा:** एचसीएस ज्योति मिलत्त ने बुधवार को एसडीएम खरखौदा का पदभार संभाला। वह दूसरी बार खरखौदा में इस जिम्मेदारी को संभाल रही है। ज्वाइन करते हुए उन्होंने कहा कि खरखैदा क्षेत्र की समस्याओं के निदान के साथ ही विकास पर उनका फोकस रहेगा। उन्हाने कहा कि खरखौदा में जो भी मुख्यमंत्री घोषणाएं हैं उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खरखौदा शहर सहित ग्रामीण आंचल में जो भी समस्याएं हैं उनके निदान करने के साथ ही चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने शहर की पानी निकासी पर काम करते हुए जल्द इसके स्थायी समधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि खरखौदा के पानी निकासी को लेकर वह एक प्रोजेक्ट बनवाकर गई थी। जिसे मंजूरी भी मिल चुकी है। जल्द ही इस पर काम करवाया जाएगा,वहीं शहर में जल भराव की समस्या को भी अस्थायी स्तर पर तत्काल प्रभाव से खत्म करवाने का काम होगा।

## नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने जूलोजी सैक्शन में प्राप्त किया द्वितीय पुरस्कार

**फरीदाबाद, 07 फरवरी, (हरपाल सिंह यादव)।/टीम एक्शन इंडिया**



पडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबद शहर का सबसे पुराना राजकीय महाविद्यालय है` महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के नेत्रत्व और दिशा निर्देशन में यह महाविद्यालय नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है` इसी कडी में महाविद्यालय के जूलोजी विभाग ने अपने विज्ञान मॉडल के साथ गत 05 व 06 फरवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया और महाविद्यालय के जूलोजी मॉडल को इस प्रदर्शनी में द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया` इस मॉडल ह्लए. आई. रिविल्यूशन इन हैल्थकेयरह्व को बी.एस.सी प्रथम वर्ष की छात्राओं खुशी व यशिका ने प्रदर्शित किया और महाविद्यालय को गौरवान्वित किया` महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर ने छात्राओं और उनके मेंटर डॉ. शालिनी मल्होत्रा, डॉ. विवेक आनन्द, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. अनुराधा व डॉ. मयार्दा गर्ग को बधाई दी व उनकी सराहना करते हुए आगे भी महाविद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया` इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी इस अवसर पर खुशी प्रकट की और बधाई दी` इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के साथ डॉ. विवेक आनन्द, श्री सुरेन्द्र चौहान, डॉ. कंचन जामिर, परवीन तथा भरत ने भी भाग लिया`

## रोहतकः सडक हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत, मामला दर्ज

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**

जिला के गांव डोभ भाली स्थित शुगर मील में कार्यरत सफाई कर्मचारी की बुधवार को सडक हादसे में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार गांव खातीवास झज्जर निवासी विजयपाल ने बताया कि उसके पिता महाबीर शुगर मील में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। महाबीर जब स्कूटी लेकर डूयटी के लिए निकला तभी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे महाबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा उसे ईलाज के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां ईलाज के दौरान महाबीर की मौत हो गई।

## जेवर-फरीदाबाद राजमार्ग पर मोहना गांव में उतार-चढ़ाव को लेकर गडकरी से मिले गुर्जर

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। /टीम एक्शन इंडिया**



जेवर-फरीदाबाद के बीच बन रहे नए राजमार्ग-148 एनए पर मोहना गांव के पास उतार-चढ़ाव को लेकर केंद्रीय उर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर बुधवार को केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिले।


इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग केंद्रीय राज्यमंत्री के सामने रखी और कहा कि आस-पास के गांवों के हजारों लोगों के लिए यह उतार-चढ़ाव अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर यह उतार-चढ़ाव नहीं दिया जाता तो ग्रामीणों को हाईवे का प्रयोग करने के लिए करीब आठ किलोमीटर चलना पड़ेगा। समय की बचत और तेल की खपत कम करने के उद्देश्य से यह मांग की गई है। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि मोहना गांव के पास इस उतार-चढ़ाव के बाद ईस्टर्न पैरिफेरल एक्सप्रेस व वेस्टर्न पैरिफेरल एक्सप्रेस वे और जेवर-फरीदाबाद एक्सप्रेस वे तीनों का फायदा ग्रामीणों को मिलेगा। इस मुलाकात के बाद केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन को निर्देश दिए कि वह तकनीकी टीम व किसानों के साथ मौके पर जाकर दौरा करें व फिजिबिलिटी चैक करें। उन्होंने चेयरमैन को निर्देशित करते हुए कहा कि वह दौरा कर अगले दो दिन में इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि आस-पास के ग्रामीणों को इस हाईवे का फायदा हो सके।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया नए भवन का उद्घाटन

**उद्घाटन समारोह**

**8 एमआरडीसी प्रिंसिपल डॉ. पुनीत बत्रा ने किया कॉलेज का प्रतिनिधित्व, छात्र फैकल्टी सदस्य ऑनलाइन जुड़े**

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।/टीम एक्शन इंडिया**



मानव रचना डेंटल कॉलेज (एमआरडीसी), एमआरआई आईआरएस के छात्रों और संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के नवनिर्मित भवन के एतिहासिक उद्घाटन समारोह का वर्चुअली हिस्सा बनने का मौका मिला। 5 फरवरी को आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम से जुड़ने के लिए देशभर के चुनिंदा संस्थानों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें मानव रचना भी शामिल रहा। राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग ने दंत चिकित्सा पेशे के लिए उच्च गुणवत्ता वाली व किफायती दंत चिकित्सा शिक्षा और मौखिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को प्रदान करने की अपनी योजना के साथ ये कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम से मौके पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और जनजातीय मामलों के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार भी वर्चुअली जुड़े। वहीं मानव रचना डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पुनीत बत्रा ने चुनिंदा सम्मानित लोगों के साथ कार्यक्रम में मानव रचना का प्रतिनिधित्व किया। संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित हुए लाइव कार्यक्रम में छात्रों और संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया। डॉ. बत्रा ने इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने का अनुभव साझा करते हुए कहा कि, "मानव रचना डेंटल कॉलेज को दंत चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में आयोजित हुए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण मिला, जोकि गौरव की बात है। हमारी प्रतिबद्धता राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग की तरह देश में दंत चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा की प्रगति में योगदान देना है। मानव रचना डेंटल कॉलेज देश में दंत चिकित्सा शिक्षा और किफायती स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हमेशा तत्परता के साथ काम करने को तैयार है।मानव रचना डेंटल कॉलेज के बारे मेंमानव रचना डेंटल कॉलेज, एमआरआईआईआरएस, उत्तर भारत में एक प्रमुख दंत चिकित्सा संस्थान है, जोकि बेहतर दंत चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है।

## उमेश भाटी ने जेजेपी जिला अध्यक्ष कृष्ण जाखड़ को सैकड़ों मेंबरशिप की भरी कॉपी जमा की

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।/टीम एक्शन इंडिया**

तिगांव विधानसभा में जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी ने आज जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण जाखड़ जी से मुलाकात की। पार्टी की गतिविधियों को लेकर हुई बैठक में पार्टी विस्तार को लेकर बातचीत हुई वहीं इस मौके पर तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी ने मेंबरशिप की सैकड़ों कॉपी जमा करवाई। इस पर जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण जाखड जी ने खुशी जताते हुए उनका धन्यवाद किया। श्री उमेश भाटी ने तिगांव विधानसभा की विभिन्न जगहों से पार्टी से जुड़े लोगों के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर श्री कृष्ण जाखड़ जी ने कहा की पूरे प्रदेश में डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी के प्रति लोगों का विश्वास कायम है जनता जनार्दन बीजेपी और जननायक जनता पार्टी को पुनः हरियाणा में दोबारा देखना चाहती है। उसके पीछे हमारे पार्टी के कार्यकर्ता जिन्होंने सरकार की लाभकारी नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का काम किया है। मेहनत की है और पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। जननायक जनता पार्टी की नीतियों को जनमानस तक ले जाने का काम किया है। मुलाकात करने पहुंचे श्री उमेश भाटी ने जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण जाखड़ जी को जानकारी देते हुए बताया की मेंबरशिप अभियान जो की पिछले काफी महीनो से चल रहा था । मेंबरशिप में सभी वर्गों को जोड़ने के लिए तिगांव विधानसभा के कार्यकताओं ने मेहनत की है। पार्टी के साथ सभी 36 बिरादरी को जोड़कर तिगांव विधानसभा को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

## 2 लाख खाली पड़ी सरकारी नौकरियों को जल्द भरे सरकार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के करनाल जिले में प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता एवं अनुराग डांडां के आह्वान पर बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर सीएम आवास के घेराव किया गया मौके पर पहुंचे आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना और उनकी टीम भी प्रदर्शन में शामिल हुई ,इस मौके पर धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल है यहां तक की 2 लाख सरकारी खाली पदों के लिए भी कोई नियुक्ति नहीं की गई लगातार 40 बार पेपर लीक का बहाना कर हरियाणा सरकार ने युवाओं के साथ छल किया है,उन्होंने यह भी कहा की हरियाणा सरकार हर मुद्दे पर बुरी तरीके से फेल होती दिखाई दे रही है और आगामी 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## शेर की प्रतिमा व सोमनाथ मंदिर बनी आकर्षण का केंद्र

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव) /टीम एक्शन इंडिया**



37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में थीम राज्य गुजरात पवैलियन में गीर नेशनल पार्क के ऐशियाई शेर की प्रतिमा तथा गुजरात के आध्यात्मिक रत्न सोमनाथ मंदिर की प्रतिकृति मेला में पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पर्यटक ऐशियाई शेर की प्रतिमा तथा सोमनाथ मंदिर की प्रतिकृति के साथ सेल्फियां लेते नजर आ रहे हैं। गुजरात के गीर नेशनल पार्क में पाए जाने वाले ऐशियाई शेर को शिल्प मेला में दशार्या गया है। ऐशियाई शेर गुजरात का प्रतीकात्मक प्राणी है, जो गीर राष्ट्रीय उद्यान में अपनी विशेष उपस्थिति के लिए पर्यावरण महारत्न के रूप में जाना जाता है। वर्तमान में ऐशियाई शेरों की संख्या में आशाजनक वृद्धि दर्ज हुई है। बंगाल टाइगर और भारतीय तेंदुआ जैसे अन्य स्थानीय बिल्लियों के साथ ऐशियाई शेर वन्य जीव संरक्षण के लिए भारत प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

गुजरात के आध्यात्मिक रत्न के रूप में विख्यात सोमनाथ मंदिर की प्रतिकृति भी शिल्प मेला में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गुजरात में स्थित सोमनाथ मंदिर 12 ज्योतिलिंगों में पहला है। यह मंदिर अपनी जटिल नक्काशियों और भव्य शिखरों के साथ भक्ति के अद्वितीय प्रतीक के रूप में प्रसिद्ध है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार इस मंदिर को 2000 वर्ष पहले बनाया गया था। कई आक्रमणों के बावजूद इसका पुनः निर्माण किया गया। विशेष रूप से 1947 में देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल द्वारा इसका पुनः निर्माण करवाया गया।

## हम क्या खा रहे हैं: खाद्य पदार्थों के 47 प्रतिशत नमूने प्रयोगशाला में फेल

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

**बैठक**

**8 जिला अधिकारी शैलेंद्र की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक हुई संपन्न।**

जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में खाद्य, पेय पदार्थों के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण निरंतर किया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत मिलावटी खाद्य, पेय पदार्थों का नियमानुसार नमूना एक अप्रैल 2023 से 31 जनवरी 2024 तक कुल 438 खाद्य नमूने संग्रह कर प्रयोगशाला भेजा गया। जिनमें खाद्य विश्लेषक उत्तर प्रदेश लखनऊ से प्राप्त कुल 406 रिपोर्ट में से मानकों के विरुद्ध 194 रिपोर्ट पायी गयी। जिसमें से 60 नमूने असुरक्षित, 123 नमूने अधोमानक व 11 नमूने मिध्याछाप पाये जाने पर उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गयी है। साथ ही खाद्य प्रतिष्ठानों पर मामूली कमी पाये जाने पर उन्हें सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में माननीय न्यायालय न्यायनिर्णायक अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा निर्णीत 472 बाद में रुपये 1,49,45,000 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

जनपद में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा पीडीएस, एमडीएम एवं आईसीडीएस पर प्रवर्तन एवं निरीक्षण कार्यवाही की गई। कस्तूरबा गांधी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, विधवाश्रम (माता आश्रय सदन), कृष्णाकुटीर वृन्दावन, राजकीय बाल गृह आश्रम, जिला चिकित्सालय आदि का निरीक्षण कर सैंपल लिए गए। निरीक्षण में चना दाल, दलिया, सोयाबीन, तेल, खिचडी, मिश्रित दूध, गेंहू का आटा, अरहर दाल, चावल आदि के सैंपल लिए गए। जनपद में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान लगभग 20586 किलोग्राम खाद्य पदार्थ नष्ट कराये गये। जिनका अनुमानित मूल्य लगभग रुपये 18465000 है।

जिला अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद वासियों को गुणवत्ता परक खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही कर मिलावट खोरों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आमजन तथा खाद्य कारोबारियों को जागरूक किया जा रहा है। जनपद मथुरा में मोबाईल फूड टेस्टिंग वैन द्वारा अप्रैल 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक तहसील गोवर्धन में 110, तहसील मांट में 60, तहसील छाता में 60, तहसील महावन में 55, वृन्दावन में 80 तथा श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर 70 (कुल 435) खाद्य नमूनें जांचे गये। जिसमें 137 खाद्य नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाये गये, जिन्हें त्वरित कार्यवाही कर नष्ट कराया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित जनपद के विभिन्न मुख्य स्थलों पर लगभग 10000 जन सामान्य एवं श्रृद्धालु व 450 खाद्य कारोबारकताओं एवं विद्यालयों में छात्र छात्राओं को मिलावटी खाद्य पदार्थों के विषय में तथा एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा संचालित विभिन्न ईट राईट कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया गया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, डॉ भूदेव सिंह, डीआईओएस भास्कर मिश्रा, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा गौरी शंकर, आबकारी अधिकारी कुमार प्रभात चंद्र सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## घर से नाराज होकर निकली 17 वर्षीय लड़की को क्राइम ब्रांच ने किया परिजनों के हवाले

**सराहनीय कार्य**

**8 दो सप्ताह से लापता युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।**

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)/टीम एक्शन इंडिया**



डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने दो सप्ताह से लापता 17 वर्षीय युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को फरीदाबाद के सूरजकुंड थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें लड़की के परिजनों ने बताया कि वह 23 जनवरी से लापता है और उसकी कहीं पर भी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने लड़की की सहेलियों और अपने रिश्तेदारों के यहां संपर्क करके पता किया परंतु वह वहां पर भी नहीं मिली इसलिए वह मदद के लिए पुलिस के पास आए हैं। परिजनों की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके लड़की की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया।

## फास्ट न्यूज

### प्रधानमंत्री फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में वाराणसी आएंगे

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में आ सकते है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने उनके काशी आगमन के लिये 19 और 22 फरवरी की तारीख प्रस्तावित की है। प्रधानमंत्री के संभावित आगमन का संकेत मिलने पर जिला प्रशासन और भाजपा काशी क्षेत्र ने युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री दो दिवसीय काशी प्रवास में अमूल प्लांट के लोकार्पण के साथ 20 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। लगभग पॉच हजार करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण की तैयारी चल रही है। अफसरों ने सिगरा स्थित सम्पूणानंद खेल स्टेडियम, अमूल प्लांट, सारनाथ सौंदर्यीकरण समेत कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। माना जा रहा है कि काशी प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री संत रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर में भी जा सकते है। प्रधानमंत्री जन्मस्थली से संत शिरोमणि की प्रतिमा का अनावरण के साथ मंदिर के विकास और सुंदरीकरण की परियोजना का लोकार्पण भी रैदासियों के लिए कर सकते है। भाजपा काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री पार्टी संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी कर सकते हैं। काशी प्रवास में प्रधानमंत्री विशाल जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। इसके लिए तैयारी चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रमों के आधार पर योजनाएं तय की जा रही हैं।

### प्रशासनिक टीम ने अवैध खनन के खिलाफ की कार्रवाई

**उधमपुर: इस वित्ती**य वर्ष में नए लघु खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी से उधमपुर जिले को 9.93 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। आगे भी नए उपखनिजों के चिन्हीकरण की कवायद जारी रहेगी और जिलाधिकारी ने पट्टों को मानकों का पालन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी है। अवैध खनन से निपटने के लिए उपायुक्त सलोनी राय ने एसएसपी जोगिंदर सिंह और डीएमओ सलाम दीन के साथ जिले में लघु खनिजों की अनधिकृत खुदाई को लक्षित करते हुए छापेमारी की एक श्रृंखला को अंजाम दिया।

# 'हमने वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया...'

**सीएम ने महाभारत के पांच गांवों का किया जिक्र, बोले- बहुसंख्यक समाज ने सिर्फ तीन स्थान मांगे**

**पुर्नप्रतिष्ठा**

> बहुसंख्यक समाज तो सिर्फ तीन स्थानों (अयोध्या, मथुरा और काशी) की मांग कर रहा था

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

**राज्यपाल** के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पांडवों ने कौरवों से सिर्फ पांच गांवों की मांग की थी पर वो नहीं दिए गया। देश का बहुसंख्यक समाज तो सिर्फ तीन स्थानों (अयोध्या, मथुरा और काशी) की मांग कर रहा था उसके लिए उसे गिड़गिड़ाना पड़ा। अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है। काशी और मथुरा को हम कैसे भूल सकते हैं। ये काम तो आजादी के बाद ही हो जाना चाहिए था पर वोट बैंक के लिए लोक आस्था के इन स्थानों से दूरी बनाकर रखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ। इसके जरिये भारत के गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा हुई है। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि अयोध्या का पुराना गौरव वापस लौट आया है। हमें खुशी है कि हमने अपना वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया...। मुख्यमंत्री योगी बोले कि हम सिर्फ कहते नहीं हैं बल्कि करके दिखाते हैं। अन्याय हुआ। वहां के लोगों के साथ अन्याय हुआ है। मंदिर का मामला तो न्यायालय में था तो क्या वहां सड़क और बिजली नहीं दी जा सकती थी। क्या सरयू के घाटों की सफाई नहीं की जा सकती थी लेकिन अयोध्या को कुत्सित मंशा के कारण अभिशप्त रखा गया।

**पहले की सरकार अयोध्या, काशी और नोएडा, बिजनौर जाने से कतराती थी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके काम किया। हम लोग अयोध्या भी गए और प्रदेश के हर जनपद गए। अगर मैं अयोध्या और काशी गया हूं तो नोएडा और बिजनौर भी गया। अयोध्या और काशी को इसलिए अभिशप्त कर दिया गया क्योंकि वोट बैंक कट जाएगा। नोएडा और बिजनौर इसलिए नहीं जाते थे, क्योंकि वहां से कुर्सी से उतर जाएंगे।



### 'राम की मर्यादा हमें धैर्य की प्रेरणा देती है'

**सीएम** योगी ने कहा कि यूपी ने 22 जनवरी 2024 की घटना को देखा है। पूरा देश अभिभूत था। पूरी दुनिया में हर वह व्यक्ति जो सत्य और न्याय का पक्षधर है वह गौरवान्वित था। हर सनातनी की आंख में आंसू थे। वह अपनी कई पीढ़ियों को कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा था। सौभाग्य है कि वहां प्रत्यक्ष रूप से मौजूद था, वहां अद्भुत और ऊर्जा से भरा हुआ वातावरण था। हर सदस्य के चेहरे पर संतोष था कि अयोध्या में जो हुआ है वो अच्छा हुआ है। हर व्यक्ति के मन में ये भाव है कि हम सबको अयोध्या चलना चाहिए। 500 साल के लंबे संघर्ष को सवार्नुमति के साथ उसके समाधान का रास्ता निकला। पूरे देश की जनभावना के अनुरूप रामलला वहां प्रत्यक्ष रूप से विराजमान हो चुके हैं। सीएम योगी ने कहा कि यह दुनिया में पहली घटना थी जहां प्रभु को स्वयं के अस्तित्व के लिए स्वयं प्रमाण जुटाने पड़े थे। राम की मयार्दा हमें धैर्य की प्रेरणा देती है। आज नव्य, भव्य और दिव्य अयोध्या को देख हर कोई अभिभूत है।

### हमारी नीति और नीयत स्पष्ट : सीएम योगी

**सीएम** योगी ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि ये काम पहले ही हो जाना चाहिए था। हम मानते हैं कि मंदिर का विवाद न्यायालय में था, लेकिन वहां की सड़कों को चौड़ा किया जा सकता था। घाटों का पुनरोद्धार हो सकता था। बिजली की व्यवस्था, स्वच्छता और स्वास्थ्य की व्यवस्था की जा सकती थी। एयरपोर्ट का कार्य किया जा सकता था। विकास के इन कार्यों को किस मंशा के साथ रोका गया था। काशी, मथुरा का विकास अवरुद्ध करने के पीछे कौन सी मंशा थी। विवाद एक स्थल विशेष का था, मगर वहां के लोगों को वहां आने वालों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित क्यों किया गया। ये मुद्दा नीयत का है। हमारी आस्था थी और नीति भी साफ थी, नीयत भी स्पष्ट थी। हम बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके अयोध्या भी गए, काशी गए तो नोएडा और बिजनौर भी गए। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं शास्वत नहीं है तो कुर्सी कैसे शास्वत रहेगी। सीएम योगी ने कहा कि हम अयोध्या इसलिए जाएंगे कि हमारी आस्था का प्रश्न है। अयोध्या का भव्य दीपोत्सव हमारी सरकार का सौभाग्य है। आज वह नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। अयोध्या में सदियों की प्रतीक्षा खत्म हुई। वहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। 14-15 फ्लाइट देशभर से संचालित है।



केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली ओलंपिक गेम्स 2024 का आगाज किया। दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन के द्वारा आयोजित दिल्ली ओलंपिक गेम्स का आयोजन 7 से 13 फरवरी तक किया जाएगा।

### 'हरदा ब्लास्ट में आतंकी हाथ होने की आशंका'


**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**हरदा** के पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके को लेकर मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने पठाखे फैक्ट्री में हुए धमाके पर आतंकी साजिश होने की आशंका जताई है। उमा भारती ने तर्क दिया कि हरदा सिमी का गढ़ रहा है और इसी जगह पर पहले भी धमाका हुआ था। यह जांच होनी चाहिए कि अवैध पटाखा फैक्ट्री में इतनी बड़ी मात्रा में बारुद कहां से पहुंचा। उमा भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस मामले की जांच करवा रहे हैं। भाजपा सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा 'जिनकी इस हादसे में जान चली गई है उनका लौटना संभव नहीं है, लेकिन यह बहुत दर्दनाक है।'

फैक्ट्री के मालिक गिरफ्तार: गौरतलब है कि मंगलवार को मध्य प्रदेश के हरदा में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं, विस्फोटों में 170 से अधिक लोग घायल हुए। फैक्ट्री के दो मालिकों की पहचान राजेश अग्रवाल और सोमेश अग्रवाल के

# उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने की ओर सरकार

**मुस्लिम समाज की ओर से दी गई आपत्तियों को दरकिनार किया गया: मौलाना, 'संवैधानिक दायरे में रहते हुए इस कानून के विरुद्ध लड़ेंगे'**



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**उत्तराखंड** में समान नागरिक संहिता लागू करने की ओर सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। मंगलवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी विधेयक पेश किया। इसके साथ ही उत्तराखंड में सभी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ऐसे में मौलानाओं ने भी यूसीसी को लेकर प्रतिक्रिया दी। राज्य में समान नागरिक संहिता लागू होने से पहले विधानसभा पटल में रखे गए विधेयक पर मुस्लिम धर्मगुरुओं (उलेमा) की मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। किसी ने कानून को देशभर में लागू करने की बात कही तो किसी ने कहा कि समान नागरिक संहिता पर और मंथन करने की जरूरत थी।

**ऐसी रही मौलाना और उलेमा की प्रतिक्रिया:** मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी, ने कहा कि पूरा देश जानता है कि कानून कैसे बन रहा है। इस कानून को लेकर मुस्लिम समाज की ओर से दी गई आपत्तियों को दरकिनार किया गया। मुस्लिमों के सुझाव को भी इसमें जगह नहीं दी गई।

जिस कानून को सभी धर्मों के लिए बनाने की बात कही जा रही हो और उसी में सभी धर्मों का प्रतिनिधित्व ना हो तो संदेह पैदा होता ही है। पता चला है कि इस कानून के ड्राफ्ट में जनजाति व अनुसूचित जाति को बाहर रखा गया है। एक राज्य में दो कानून कैसे हो सकते हैं। मुस्लिमों को टारगेट कर जबरन थोपे जा रहे इस कानून की हम निंदा करेंगे। इस कानून का ड्राफ्ट बनाने में दर्ज आपत्तियों को देखा नहीं गया। कानून सभी के लिए समान होता है लेकिन सदन में पेश समान नागरिक संहिता विधेयक में ऐसा देखने को नहीं मिल रहा। संविधान हमें शरीयत पर चलने की अनुमति प्रदान करता है, लेकिन समान नागरिक संहिता इससे मुस्लिम समाज को वंचित कर रहा है। इसका गहन अध्ययन कर सरकार से वार्ता करेंगे। समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट में यदि शरीयत का लिहाज रखा गया है तो मुसलमान इस कानून को मानेगा। यदि यह शरीयत के उसूलों के विरोध में है तो मुस्लिम इसे मानने पर मजबूर नहीं होगा।

**प्रतिक्रिया**

> इस कानून को लेकर मुस्लिम समाज की ओर से दी गई आपत्तियों को दरकिनार किया गया: मौलाना

# आईएफएस सुशांत पटनायक के घर ईडी की रेड

**टीम एक्श इंडिया/देहरादून।**

**उत्तराखंड** में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी से हड़कंप मच गया। सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के ठिकानों पर छापेमारी की। इसके साथ ईडी ने नंद विहार कॉलोनी में पूर्व डीएफओ किशन चंद के आवास पर छापेमारी की। अब आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के घर पर भी ईडी ने रेड मारी है। आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के घर ईडी ने बुधवार को छापेमारी की है। टीम उनके घर पर ही मौजूद है। सामने आई जानकारी की मानें तो ईडी ने नोट गिनने की मशीन भी मंगवाई है। मशीन उनके आवास पर पहुंच गई है।

**लग चुके हैं यौन शोषण के आरोप:** बता दें कि आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक पर यौन शोषण के गंभीर आरोप लगे हैं। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीसीबी) के नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम प्रोजेक्ट (एनसीएपी) के अंतर्गत कार्यरत महिला ने बोर्ड के सदस्य सचिव व आईएफएस अधिकारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया थे।

इस मामले में राजपुर थाना पुलिस ने सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

# हरदा हादसा के बाद मोहन सरकार सख्त

**इंदौर में छह पटाखा गोदाम सील; तय होगी जिम्मेदारी**

**सख्ती**

> सरकार ने अनियमितताओं को लेकर पिछले 24 घंटों में इंदौर में छह पटाखा गोदामों को सील कर दिया है

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**

मध्य प्रदेश के हरदा जिले में मंगलवार को हुए पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे के बाद राज्य सरकार एक्शन में है। हरदा हादसे से सबक लेते हुए मोहन यादव सरकार ने अनियमितताओं को लेकर पिछले 24 घंटों में इंदौर में छह पटाखा गोदामों को सील कर दिया है। इंदौर के कलेक्टर आशीष सिंह ने जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि इन छह पटाखा गोदामों में से एक आवासीय क्षेत्र में था, जबकि अन्य गोदामों में सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की कमी जैसी अनियमितताएं पाई गईं। उन्होंने कहा, "हमने पिछले 24 घंटों के दौरान जिले के अलग-अलग इलाकों में पटाखों के छह गोदामों को सील कर दिया है।" बता दें कि मंगलवार को हरदा जिले में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट और आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए।



# उत्तराखंड में बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी

**शामिल होंगे एक लाख 93 हजार 611 छात्र; एडमिट कार्ड हुआ जारी**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं की 15 फरवरी से शुरू होने जा रही परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। सीबीएसई के देहरादून रीजन में इस बार 460 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 320 उत्तराखंड जबकि पश्चिमी क्षेत्र के 140 केंद्र शामिल हैं। बोर्ड परीक्षा में कुल 193611 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इसमें 10वीं में 100748 जबकि 12वीं के 92863 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो इस संबंध में बोर्ड ने तैयारी कर दी है।



**15 फरवरी से शुरू होगी बोर्ड परीक्षा:** सीबीएसई के दून रीजन की बात करें तो उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिले (बदायूं, संभल, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोह, मुजफ्फरनगर, बिजनौर व सहारनपुर) के सरकारी व निजी श्रेणी के 1412 स्कूल शामिल हैं। 10वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होकर 13 मार्च तक चलेगी। वहीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से दो अप्रैल तक होगी। सीबीएसई देहरादून रीजन के क्षेत्रीय अधिकारी गोपाल दत्त का कहना है कि 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा को सुचारू व त्रुटिरहित संपन्न करने के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। स्कूलों की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए बोर्ड ने 63 सिटी कोर्डिनेटर व डिप्टी सिटी कोर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं।

**सुचारू**

> 10वीं व 12वीं की 15 फरवरी से शुरू होने जा रही परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के एडमिट कार्ड जारी

### 'अब 125 यूनिट बिजली हर माह मिलेगी मुफ्त'

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**

**चंपई** सोरेन की सरकार ने झारखंड के लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। चंपई सरकार ने अधिकारियों के साथ बैठक में बड़ा फैसला लेते हुए हर माह 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। इससे पहले प्रदेश में हर माह 100 यूनिट मुफ्त बिजली लोगों को दी जाती थी। 6 फरवरी को झारखंड की नई सरकार ने सदन में बहुमत साबित किया था। इसके बाद से सरकार लगातार राज्यहित में बड़ा फैसला ले रही है। पेपर लीक मामले में भी इस नई सरकार ने जांच के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया था।

# मैं तो नियम कानून से ही चलूंगा...'

**विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली से बंधे हुए हैं: अवध चौधरी**

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**विधानसभा** अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने कहा है कि भाजपा या किसी अन्य दल की मांग पर वह अध्यक्ष पद नहीं छोड़ने जा रहे हैं। सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने उनके विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस पर विधि सम्मत कार्रवाई होगी। बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान चौधरी ने कहा कि वह महज नोटिस के आधार पर पद नहीं छोड़ने जा रहे हैं। भाजपा की ओर से त्याग पत्र देने की मांग पर चौधरी ने तीन बार प्रति प्रश्न किया- क्यों? क्यों? क्यों? अध्यक्ष ने कहा कि वे विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली से बंधे हुए हैं। नियमावली के निर्देशों के अनुसार काम करेंगे।



**'विधायकों के मत से तय होगा...':** उन्होंने कहा कि नियमावली के अनुसार नोटिस देने के 14 दिन बाद उस पर विधानसभा में विचार होगा। विधायकों के मत से तय होगा कि हम पद पर रहेंगे या नहीं। किसी के मांगने पर त्याग पत्र नहीं देंगे। यह त्याग पत्र मांगने वालों का काम हो सकता है।

**'मैं तो नियम कानून से ही चलूंगा...':** अवध बिहारी चौधरी ने आगे कहा कि मैं तो नियम कानून से ही चलूंगा। क्या आपको अपने पक्ष में बहुमत का विश्वास है? चौधरी ने कहा- यह विधायकों पर निर्भर है।

# झारखंड: अबुआ आवास के लिए चार किस्त में मिलेंगे दो लाख

**टीम एक्शन इंडिया/जमशेदपुर**

राज्य सरकार के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक चला था। इसमें सिर्फ अबुआ आवास के लिए जिला प्रशासन को एक लाख 30 हजार आवेदन मिले थे। इनमें से 90 प्रतिशत आवेदन का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। इस संबंध में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें पंचायत स्तरीय शिविरों में प्राप्त आवेदन के भौतिक सत्यापन कार्य में प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही भौतिक सत्यापन कार्य मे तेजी लाने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को प्राप्त आवेदनों के सत्यापन में तेजी लाते हुए यथाशीघ्र शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया।

**समीक्षा**

> पंचायत स्तरीय शिविरों में प्राप्त आवेदन के भौतिक सत्यापन कार्य में प्रगति की समीक्षा की गई

**विकास** सीएम की मंशा अनुरूप, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के वेब पोर्टल को किया जाएगा आधुनिक सुविधआओं से लैस

# वेब पोर्टल के जरिए प्रभावी ढंग से नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने पर योगी सरकार का फोकस

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश के सभी नागरिकों को उच्च नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रभावी ढंग से प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में, योगी सरकार द्वारा वेब पोर्टल का विकास कर उन्हें इन सहूलियतों के साथ ही आधुनिक तकनीक से लैस करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। ऐसे में, सीएम की मंशा अनुरूप, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के वेब पोर्टल के डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यूपीएसआरटीसी के पोर्टल की विकास प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को जिम्मा सौंपा गया है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) द्वारा इस प्रक्रिया को पहले से इंपैनल्ड सॉफ्टवेयर कंपनियों को कार्यभार सौंपकर विकास प्रक्रिया पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यूपीएलसी राज्य के सभी सरकारी विभागों को आईटी/आईटीईएस समाधान प्रदान करने के लिए नियुक्त नोडल एजेंसी है। राज्य सरकार के आईटी सॉल्यूशंस का एक मुख्य उद्देश्य सरकारी प्रणालियों का त्वरित, पारदर्शी, जवाबदेह और कुशल संचालन और सेवाओं का वितरण प्रदान करना है तथा इस क्रम में यूपीएलसी लगातार अपनी कुशल सेवाएं प्रदान कर रहा है।



**सभी रूटों पर बसों के संचालन की समयसारिणी होगी उपलब्ध**

सीएम योगी के विजन अनुसार यूपीएसआरटीसी में प्रशासनिक व सेवा वितरण चैनल के लिए एकीकृत प्रौद्योगिकी सक्षम ढांचे के भीतर एक स्थायी डेटा आधारित इकोसिस्टम विकसित किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। यात्रियों को सभी मार्गों पर चलने वाली बसों की समयसारिणी आसानी और सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन प्रणाली विकसित किया जाएगा। इससे किसी विशेष समय या स्थान पर वाहनों की भीड़ न हो और सभी मार्गों पर यात्रियों को नियमित अंतराल पर निगम की बस की उपलब्धता को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यात्री उपलब्धता के आधार पर मार्ग पर वाहनों का परिचालन का ऑनलाइन प्रणाली से मॉनिटरिंग संभव होगा। निगम की लाभप्रदता बढ़ाने के लिए यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार वाहन श्रेणी की आवश्यकता का अध्ययन करने के लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण भी वेब पोर्टल द्वारा हो सकेगा।

संचालित बसों के रखरखाव की स्थिति के अनुसार ऑनलाइन 'बस हेल्थ सिस्टम' और नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता सेवा प्रदान करने के लिए स्वचालित प्रणाली के माध्यम से 'स्मार्ट बस रेटिंग सिस्टम' प्रदान करने जैसी सुविधा भी वेब पोर्टल के विकास के दौरान जोड़ी जाएगी।